नई दिल्ली

बुधवार 1 जुलाई 2026

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 73
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


डॉक्टर्स-डे आज



## खबर संक्षेप

### सीबीडीटी के चेयरमैन का बढ़ाया कार्यकाल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी। रवि अग्रवाल अब अनुबंध के आधार पर 1 जुलाई 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। उनकी यह नियुक्ति सरकारी नियमों के तहत आवश्यक छूट प्रदान करते हुए की गई है। इस फैसले से कामकाज में निरंतरता बनी रहेगी।

### शताब्दी एक्सप्रेस में टिकट चेक कर रहा था फर्जी टीटीई



**अलीगढ़।** प्रीमियम ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस के कोच सी-11 में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे दुर्गेश कुमार नाम के शख्स को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अलीगढ़ स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर बिना टिकट यात्रियों से पेनल्टी के नाम पर पैसे ऐंठ रहा था। इसी दौरान कोच में असली टीटीई आ गए। आरपीएफ ने आरोपी को दबोच लिया। का पर्दाफाश हुआ और उसके पास से एक फर्जी आईडी कार्ड भी बरामद किया गया।

## चुनाव आयोग का एसआईआर अभियान 30 जून से शुरू

# दिल्ली-महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत पांच राज्यों में एसआईआर शुरू, घर-घर जाएंगे बीएलओ

- 5 अगस्त को जारी होगा ड्राफ्ट और 7 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी
- दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मेघालय और झारखंड में शुरू हुई प्रक्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग का वोटर वेरिफिकेशन अभियान, जिसे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) कहा जाता है, मंगलवार 30 जून से दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मेघालय और झारखंड में शुरू हो गया है। एसआईआर के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) वोटर लिस्ट (इलेक्टोरल रोल) वेरिफाई करने के लिए घर-घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। एसआईआर की प्रक्रिया अगले एक महीने तक चलने वाली है। इस अभियान के दौरान बीएलओ, 30 जून से 29 जुलाई के बीच हर घर जाएंगे और मौजूदा वोटर्स को एन्यूमरेशन फॉर्म देंगे और उनसे भरे हुए फॉर्म इकट्ठा करेंगे। अभियान के तहत इस वेरिफिकेशन का मकसद यह पक्का करना है कि वोटर लिस्ट में सिर्फ योग्य नागरिक ही रहें और अयोग्य लोगों के नाम हटा दिए जाएं।

वेरिफिकेशन प्रोसेस के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 5 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके बाद दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया जाएगा और फिर 7 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत बीएलओ प्रत्येक घर पर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र देंगे। मतदाताओं को फॉर्म में दर्ज जानकारी की जांच करनी होगी और उसे भरकर बीएलओ को वापस देना होगा। मतदाता चाहें तो बीएलओ की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनका पहचान पत्र भी देख सकते हैं। यदि किसी घर पर बीएलओ के पहुंचने के समय ताला लगा मिलता है, तो अधिकारी फॉर्म छोड़कर जाएंगे और कम से कम तीन बार दोबारा वहां पहुंचने का प्रयास करेंगे। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं का नाम पहले से मतदाता सूची में है, उन्हें सामान्य तौर पर केवल अपनी जानकारी सत्यापित करनी होगी। हालांकि, यदि किसी मामले में अतिरिक्त प्रमाण की जरूरत होगी, तो निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।



### कर्नाटक में सबसे बड़ा अभियान

कर्नाटक में इस अभियान के तहत 5 करोड़ 54 लाख से अधिक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। राज्य में 31 जिला निर्वाचन अधिकारी, चार अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, 224 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 336 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और 7,556 बीएलओ सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 1.15 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट भी इस प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अंबु कुमार ने स्वयं गणना प्रपत्र भरकर लोगों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। वहीं, राज्य के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग से मतदाता हटाने के मानदंड, दस्तावेजों की सूची और तकनीकी प्रक्रिया को सार्वजनिक करने की मांग की है।

### मतदाताओं को दिखाने होंगे दस्तावेज

*चुनाव आयोग ने मतदाता सत्यापन के लिए कई दस्तावेजों को मान्यता दी है। इनमें जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, दसवीं की अंकतालिका, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सरकारी पहचान पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से संबंधित दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक चरण में सभी मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल उन मामलों में अतिरिक्त दस्तावेज मांगे जाएंगे, जहां जानकारी की पुष्टि आवश्यक होगी।*

### मतदाता सूची का अंतिम कार्यक्रम

*घर-घर सत्यापन और गणना प्रपत्रों का वितरण 29 जुलाई तक चलेगा। इसके बाद 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदाता 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इन दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। चुनाव आयोग ने सभी पात्र मतदाताओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्र जमा करने की अपील की है, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सही तरीके से दर्ज रह सके।*

### वोटर लिस्ट में नाम गलत होने पर करें शिकायत

*ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 5 अगस्त को पब्लिश की जाएगी। अगर आपको कोई गलती या कमी मिलती है, तो आप 5 अगस्त से 4 सितंबर के बीच दावा या आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आप वोटर हेल्पलाइन 1950 पर कॉल कर सकते हैं, 'बुक-अ-कॉल' सुविधा के जरिए अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं या अपने नजदीकी वोटर सेंटर या जिला चुनाव कार्यालय जाकर भी शिकायत कर सकते हैं।*

## जल्द ही भारत की यात्रा कर सकते हैं राष्ट्रपति ट्रंप, फिलीपींस में होगी क्वाड की अगली बैठक

# जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा करेंगे पीएम मोदीः सर्जियो गोर

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने की पीएम मोदी की तारीफ, बोले-सुबह 6 बजे लगाओ फोन, वो भी मेरी तरह हैं, सुबह-सुबह ही उठ जाते हैं
- वाशिंगटन डीसी में 11वें यूएसआईएसपीएफ लीडरशिप समिट-2026 से इतर पत्रकारों से बातचीत में बोले भारत में अमेरिका के राजदूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल दिसंबर में जी -20 की शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। सम्मेलन का आयोजन मियामी में 14 से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। यह जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने वाशिंगटन डीसी में हुए 11वें यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) लीडरशिप समिट-2026 के दौरान मीडिया से बातचीत में दी है। उन्होंने कहा कि मई में भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए पीएम मोदी को राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से आमंत्रित किया था। हमें एक बार फिर से उन्हें अमेरिका में देखकर खुशी होगी और मैं यह जानता हूं कि वह दिसंबर में जी-20 के लिए अमेरिका आ रहे हैं। वहीं, सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस साल के अंत में दो देशों की यात्राएं हो सकती हैं। जिसमें ▶▶ शेष पेज 5 पर



### ट्रेड डील बस एक कदम दूर

*गोर ने कहा कि भारत, अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) अब महज एक कदम दूर है। दोनों देशों के बीच इससे संबंधित बातचीत का लगभग 98 से 99% तक काम पूरा हो चुका है। जिसके बाद अब सिर्फ एक या दो फीसदी काम ही बाकी बचा हुआ है। जिसे लेकर दोनों देशों के बीच संवाद चल रहा है। जल्द से जल्द यह कवायद पूरी हो जाएगी। दिल्ली से अमेरिका जाने वाले सामान और सेवाओं के निर्यात में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दोनों देशों ने 500 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य रखा है। उन्होंने सोशल मीडिया में भारत-अमेरिका संबंधों में तल्खी आने जैसे बयान देने वाले लोगों को करारा जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा सैन्य अभ्यास भारत के साथ करता है। हम ऐसा अपने किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदार देश के साथ नहीं करते हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और आम जनता के संबंध मजबूत बुनियाद पर टिके हुए हैं। व्यापार समझौते को लेकर दोनों देश अब बाकी बचे हुए कुछ मुद्दों को हल करने में जुटे हुए हैं। जिसके बाद इसे लागू किया जा सकेगा। इसमें कोई शक नहीं है कि समझौते से दोनों देश लाभान्वित होंगे।*

## अमरनाथ यात्रा 2026 कल एलजी मनोज सिन्हा पहले जत्थे को दिखाएंगे हरी झंडी

# 55 हजार श्रद्धालुओं के 'ठहरने' की पुख्ता व्यवस्था
# 3 जुलाई से दोनों रूटों पर एक साथ शुरू होगी यात्रा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

वार्षिक अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को प्रशासन ने बताया कि यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ करीब 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने का व्यापक इंतजाम किया गया है। बाबा बर्फानी के भक्तों का पहला जत्था 2 जुलाई को सुबह 4 बजे जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर (बेस कैंप) से रवाना होगा, जिसे श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा हरी झंडी दिखाएंगे। समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए 57 दिनों की यह यात्रा 3 जुलाई से औपचारिक रूप से शुरू होगी। श्रद्धालु दो पारंपरिक रास्तों से यात्रा कर सकेंगे। पहला अनंतनाग जिले का पारंपरिक और सुगम 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग। दूसरा गांदरबल जिले का छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग। जम्मू संभाग के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया कि लखनपुर से बनिहाल तक तीर्थयात्रियों के लिए सरकारी लॉजिंग, अस्थायी आश्रय गृह और नागरिक समाज के सहयोग से रुकने की व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर



पहलगाम में श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट

### यात्रियों के लिए ये निर्देश

- *समय की पाबंदीः सुबह 6 से 8 बजे के बीच लखनपुर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को ही सुरक्षा घेरे में जम्मू ले जाया जाएगा। सुबह 8 बजे के बाद आने वालों को सुरक्षा कारणों से वहीं रुकना होगा।*
- *वैकल्पिक रास्तों पर रोकः तीर्थयात्रियों को केवल जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) से ही यात्रा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुगल रोड और धर रोड जैसे वैकल्पिक रास्तों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।*
- *काफिले में आवा-जाहीः उधमपुर और बनिहाल के बीच तय समय-सारणी के अनुसार छोटे-छोटे सुरक्षित जत्थे चलेंगे। श्रद्धालुओं को यातायात विभाग के समय और मौसम संबंधी निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।*

## यूएस सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को लगा झटका

# जन्म के आधार पर ही बरकरार रहेगी नागरिकता

- नागरिकता नियमों को बदलना चाहते थे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की नागरिकता को लेकर यूएस सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने जन्म के आधार पर नागरिकता के सिद्धांत को बरकरार रखा है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नागरिकता के सिद्धांत को बदलने की कोशिशों पर पानी फिर गया है। ट्रंप जन्म के समय अमेरिकी नागरिक माने जाने के नियमों को बदलना चाहते थे, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति को झटका लगा है। कोर्ट ने मंगलवार, 30 जून को ट्रंप के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर को खारिज कर दिया, जिसमें उन बच्चों को नागरिकता देने से इनकार करने की बात कही गई थी जो अमेरिका ▶▶ शेष पेज 5 पर



### कैसे साबित होगी अमेरिका की नागरिकता?

*अमेरिकी नागरिकता से जुड़ी धारा में व्यापक रूप से लिखा है, अमेरिका में पैदा हुए या नेचुरलाइज्ड (नागरिकता पाने वाले) सभी लोग, और जो इसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं, वे अमेरिका और उस राज्य के नागरिक हैं जहां वे रहते हैं। ट्रंप प्रशासन ने तर्क दिया था कि नागरिकता के बारे में व्यापक रूप से मानी जाने वाली बात गलत है। अधिकारियों का दावा था कि गैर-नागरिकों के बच्चे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं और इसलिए वे नागरिकता के हकदार नहीं हैं।*

## रेगिस्तान से जम्मू-कश्मीर और दक्षिण भारत तक कार्य किया

मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह पर मिली यह नई जिम्मेदारी

# भारतीय सेना के 31वें प्रमुख के रूप में जनरल धीरज सेठ ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को भारतीय सेना के 31वें प्रमुख के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी के स्थान पर उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जनरल सेठ सेना के एक ऐसे अधिकारी हैं। जिन्हें राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर जम्मू-कश्मीर और दक्षिण भारत के इलाके में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। सेनाप्रमुख बनने से पहले जनरल सेठ 1 अप्रैल ▶▶ शेष पेज 5 पर



### जनरल सेठ का परिचय

*जनरल धीरज सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। सेना में वह वर्ष 1986 में आर्मर्ड (बख्तरबंद) कोर में कमीशन हुए थे। जिसके बाद के लगभग चार दशक लंबे अपने सैन्य करियर में उन्होंने परिचालन, रणनीतिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों में विस्तृत अनुभव हासिल किया है। जिसने सेना की युद्ध क्षमता और दीर्घकालिक परिवर्तन में काफी अहम योगदान दिया है। सैन्य जीवन में अपने सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें पीवीएसएम, यूवाईएसएम और एवीएसएम जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वह उच्च-कमान पाठ्यक्रम तथा राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय से स्नातक हैं। पेरिस में आयोजित* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हर परिस्थिति के लिए तैयार रहेगी सेना

*जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेनाप्रमुख जनरल सेठ को बधाई देते हुए कहा कि मेरा पूरा विश्वास है कि हमारी सेना अपनी परंपराओं से मजबूती से जुड़ी रहेगी। वर्तमान चुनौतियों के प्रति सजग रहेगी और भविष्य में आने वाली हर परिस्थिति के लिए निरंतर तैयार रहेगी। इसी विषय को उजागर करने के लिए सेना ने स्ट्रैटेजिक दिशानिर्देश-2047 प्रकाशित किए हैं। इस दस्तावेज के प्रेरणास्रोत विकसित भारत के विजन-2047 और आर्म्ड फोर्सेज विजन-2047 हैं।*




## पद्मनाभ स्वामी मंदिर में 2000 साल से 4 लाख करोड़ का सोना सुरक्षित

■ राम मंदिर ट्रस्ट हुआ विफल

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि जहां केरल के पद्मनाभ स्वामी मंदिर में 2000 साल से 4 लाख करोड़ का सोना सुरक्षित है। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट महज ढाई साल भी चढ़ावा सुरक्षित नहीं रख पाया। भारद्वाज ने कहा कि दो हजार सालों में राजाओं ने भगवान विष्णु को आभूषण आदि चढ़ाए, लेकिन आज तक किसी ने उसमें से कुछ नहीं चुराया। जहां आज भी मंदिर में चढ़े सोना, चांदी, हीरे-जवाहरात, रूबी, मुकुट, सिंहासन, मध्यकालीन, रोमन व नेपोलियन के समय के सिक्के मौजूद हैं। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि जो लोग चार-पांच साल भी ईमानदारी से राम मंदिर को नहीं चला पाए, वे क्या देश और राज्य को चला सकते हैं। भारत और सनातन की संस्कृति क्या है, इसका अंदाजा लगाने के लिए केरल के पद्मनाभ मंदिर का उदाहरण लिया जा सकता है। मंदिर में वर्ष 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने इसके कुछ हिस्से की गिनती कराई थी, जो करीब सवा लाख करोड़ रुपए की थी। साल में आठ बार पूजा-अर्चना के लिए वह सामान निकाला जाता है और पूजा के बाद वापस सुरक्षित रख दिया जाता है। आज तक वहां कोई चोरी नहीं हुई।

# कपिल सांगवान गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के दो संदिग्ध गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो देसी तमंचे, कारतूस और एक चोरी की एसयूवी कार बरामद की गई है। उत्तम नगर का निवासी सोनू उर्फ साहिल चौधरी (36) और बुराड़ी का निवासी शिवेंदर उर्फ हर्ष उर्फ जकी (35) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि सोनू का नंदू गिरोह से संबंध है और उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, कार छीनने , लूट, चोरी और शस्त्र अधिनियम सहित 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शिवेंदर सब्जी मंडी थाने का खराब चरित्र



(बीसी) का व्यक्ति है और वह 29 आपराधिक मामलों में शामिल है। हाल में जेल से रिहा हुआ था। पुलिस कुख्यात अपराधियों की निगरानी कर रही थी, जब उन्हें सोनू के बारे में विशिष्ट जानकारी मिली कि वह चोरी की एसयूवी कार में डाबरी क्षेत्र में घूम रहा है और कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी है। बिंदपुर के केशो राम पार्क इलाके में जाल बिछाकर सोनू को पकड़ा लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बताया सत्यापन से पता चला कि एसयूवी कार उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मौर्य एन्क्लेव क्षेत्र से चोरी हुई थी। डाबरी थाने में शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान, सोनू ने कथित तौर पर उस व्यक्ति का नाम बताया जिसने उसे हथियार और चोरी की कार उपलब्ध कराई थी। उसकी जानकारी और तकनीकी निगरानी के आधार पर, पुलिस ने बुराड़ी में छापा मारा और शिवेंदर को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास एक देसी तमंचा और कारतूस मिला। पुलिस ने कहा कि सोनू पहले 2023 में कपिल सांगवान के करीबी सहयोगी विक्की उर्फ सन्यासी के संपर्क में आया था और संपत्ति विवाद को लेकर पालम में एक महिला को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में शामिल था।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर दो यात्रियों से पांच करोड़ 56 लाख रुपये का मादक पदार्थ बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां हवाई अड्डे पर दो भारतीय यात्रियों से लगभग 5.56 करोड़ रुपये कीमत का करीब 16 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध 'हाइड्रोपोनिक गांजा' बरामद किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैंकाक से लौटे दोनों यात्रियों के सामान की एक्स-रे जांच के दौरान अधिकारियों ने संदिग्ध चीजें देखीं और विस्तृत जांच के बाद नौ पॉलीथीन पैकेट बरामद हुए, जिनमें एक हरे रंग का मादक पदार्थ था। बरामद किए गए प्रतिबंधित पदार्थ का कुल वजन 15.93 किलोग्राम पाया गया। बयान के अनुसार, पदार्थ का परीक्षण किया गया, जिससे प्रथम दृष्टया इसके गांजा होने की पुष्टि हुई। बरामद मादक पदार्थ का अनुमानित मूल्य लगभग 5.56 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया है कि स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## शौचालय के फ्लश में एक करोड़ 47 लाख रुपये का सोना छिपाने वाला यात्री अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर ट्रांजिट के दौरान एक बांग्लादेशी यात्री को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से सीमा शुल्क अधिकारियों ने करीब 1.47 करोड़ रुपये मूल्य का सोना बरामद किया। यात्री ने सोने को शौचालय के फ्लश-बटन की खोखली जगह में छिपाकर रखा था। आधिकारिक बयान के अनुसार, विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने यात्री को रोका। वह 26 जून को दुबई से आया था और 27 जून को दिल्ली हवाई अड्डे से ट्रांजिट से गुजर रहा था। उसके खिलाफ सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय ट्रांसफर क्षेत्र में यात्री की पहचान उसके "संदिग्ध ट्रांजिट यात्रा पैटर्न" के आधार पर की गई। इसके बाद उस पर गुप्त निगरानी रखी गई और प्रस्थान क्षेत्र के एक शौचालय के बाहर उसे रोक लिया गया। पूछताछ के दौरान, यात्री ने बताया कि उसने "मोजे में लिपटे हुए तीन अंडाकार, पीले रंग के पाउच शौचालय के फ्लश-बटन वाली जगह पर छिपाकर रखे थे।" यात्री द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बताई गई जगह से छिपाकर रखे गए पाउच बरामद किए। बयान के अनुसार, पाउच में सोने का पेस्ट था, जिससे 1,141.5 ग्राम सोना निकाला गया। बरामद सोने की कीमत 1,46,64,211 रुपये आंकी गई और इसे सीमा शुल्क, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया। यात्री को गिरफ़्तार कर लिया गया है और आगे जांच की जा रही है।

## पुलिसकर्मी बनकर घूम रहा नागरिक रक्षा स्वयंसेवक दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में कथित रूप से पुलिस कांस्टेबल की वर्दी पहनकर घूम रहे एक नागरिक रक्षा स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी शाहरूख खान के तौर पर हुई है और उसे रविवार रात को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, गश्ती दल को गुप्त सूचना मिली कि नंद नगरी में एसडीएम कार्यालय में तैनात एक नागरिक रक्षा स्वयंसेवक जवाहर नगर के पास दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की वर्दी पहने घूम रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹छापेमारी के बाद संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपना परिचय कांस्टेबल शाहरुख खान के तौर पर दिया और दावा किया कि वह



करावल नगर थाने में तैनात है।₹ उन्होंने कहा कि हालांकि, सत्यापन के बाद, यह पाया गया कि करावल नगर थाने में उस नाम का कोई भी व्यक्ति तैनात नहीं था। अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान खान के कब्जे से कांस्टेबल की एक वर्दी भी बरामद की गई।

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने स्वीकार किया कि वह दिल्ली पुलिस कांस्टेबल बनकर घूम रहा था। अधिकारी ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि वह फर्जी पुलिस कर्मी क्यों बना तथा इसकी भी तफ्तीश की जा रही है कि क्या उसने वर्दी का दुरुपयोग कर कोई गैरकानूनी लाभ हासिल किया है या नहीं।

## स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा का संपूर्ण जीवन निस्वार्थ जनसेवा का अनुपम उदाहरण रहा: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ स्वाभिमान स्थल, घेवरा मोड़ पर बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और आम लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को स्वाभिमान स्थल, घेवरा मोड़ पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित प्रार्थना सभा में दिल्ली सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, वरिष्ठ नेताओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा एवं घेवरा स्थित समाधि स्थल पर पुत्र प्रवेश साहिब सिंह एवं परिजनों के साथ मंत्री मंजिंदरजीत सिंह सिरसा एवं सांसद चांदोलिया, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद बांसुरी स्वराज ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रार्थना सभा में उपस्थित नेताओं ने साहिब सिंह वर्मा को एक दूरदर्शी प्रशासक, शिक्षाविद् और जननेता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, आधारभूत संरचना के विकास तथा समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण में उनका योगदान आज भी दिल्ली के विकास को दिशा दे रहा है।

इस अवसर पर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि "स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा का संपूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और निस्वार्थ जनसेवा का अनुपम उदाहरण रहा। उन्होंने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के सम्मान, अधिकार और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके विचार, सिद्धांत और जनकल्याण के प्रति उनका अटूट समर्पण आज भी हम सभी को ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करने की प्रेरणा देता है।"

ज्ञात हो कि मुंडका के एक साधारण किसान परिवार में जन्मे साहिब सिंह वर्मा सार्वजनिक जीवन के सर्वोच्च पदों तक पहुँचे, लेकिन ग्रामीण दिल्ली की संस्कृति, मूल्यों और जनभावनाओं से उनका जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ।

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी अर्पित किए श्रद्धासुमन

दिल्ली भाजपा कार्यालय में भी डॉ. साहिब सिंह वर्मा की स्मृति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के साथ साहिब सिंह वर्मा के पुत्र एवं दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह आदि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि डॉ. साहिब सिंह वर्मा ने अपना पूरा जीवन किसानों, श्रमिकों और जनसाधारण के उत्थान को समर्पित रहा।



## 'जहर खाने' के बाद होम्योपैथिक चिकित्सक की पत्नी की मौत, चिकित्सक की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के बिंदापुर क्षेत्र में मंगलवार को अपने आवास पर कथित तौर पर जहर खाने के बाद एक महिला मृत मिली जबकि उसके पति होम्योपैथिक चिकित्सक पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवास पर दंपति का पालतू कुत्ता भी मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिली जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और घर के अंदर महिला और उनके पालतू कुत्ते का शव मिला, जबकि पति को पहले ही इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि डॉक्टर दंपति ने अपने पालतू कुत्ते के साथ जहर खा लिया होगा, लेकिन घटना की सटीक परिस्थितियों का अब तक पता नहीं चल पाया है। डॉक्टर की हालत गंभीर बताई जा रही है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। पुलिस ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया है और इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक परिस्थितियों सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला और कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फोरेंसिक टीमों ने जांच के तहत घर से नमूने एकत्र किए हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के इंजीनियरिंग विभाग हेतु ऑनलाइन प्लॉटर, स्कैनर एवं फोटोकॉपियर जैसी ई–इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवाओं का किराये पर प्रावधान, ताकि ड्रॉइंग, प्लान, दस्तावेज़ आदि का डाउनलोड, प्रिंटिंग, स्कैनिंग एवं फोटोकॉपी का कार्य किया जा सके। (जीईएम / 2026 / बी / 7722747 / डब्ल्यूसी) |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 48,39,206.84/- |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 96,800/- |
| 4. | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय | निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 21.07.2026 को सायं 17:30 बजे। |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहाँ निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | उक्त निविदा GeM पोर्टल अर्थात www.bidplus.gem.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या: 128–डब्ल्यू / वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) / जीईएम / 2026 / बी / 7722747 / डब्ल्यूसी दिनांक : 29.06.2026 2236/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय, पिता: स्वर्गीय यादराम, निवासी: मकान न. 676, एच–ब्लॉक, शकूर पुर, दिल्ली** ने **FIR No. 905/2017, U/s: 33/58 Delhi Excise Act, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, शाहदरा, पहली मंजिल, कमरा नंबर 19,
करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8701/NE/2026


## सीजेपी का धरना जारी, वांगचुक ने सूप पीने पर दी सफाई, शुगर लेवल 66 दर्ज होने से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन लगातार 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। जबकि भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक का तीसरे दिन शुगर लेवल घट गया है और उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सूप पीने के आरोपों पर भी सफाई दी। भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक ने सफाई देते हुए कहा कि मुझ पर आरोप लग रहे है कि मैं चिकन सूप पी रहा हुं। उन्होंने कहा कि देखिए कल ही तो बैठा हूं, ऐसे में मैं क्यों चिकन सूप पीऊंगा, अगर चार पांच दिन बाद आरोप लगते तो शायद लोग सोचते भी। उन्होंने दोहराया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पूरी होने तक भूख हड़ताल व धरना जारी रहेगा। उन्होंने एक मुद्दे पर कहा कि बेशक दिल्ली पुलिस यहां सबको



चाय आदि पिलाकर एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकती है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके ने बताया कि सोनम वांगचुक पिछले तीन दिनों से केवल पानी और नमक के सहारे भूख हड़ताल कर रहे हैं। ऐसे में नियमित रूप से डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं। जिसमें मंगलवार को उनका शुगर लेवल 66 दर्ज किया गया, जिसके बाद से उनकी नाड़ी, ब्लड प्रेशर और अन्य जरूरी स्वास्थ्य संकेतकों पर डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। दिपके ने कहा कि यदि स्वास्थ्य और अधिक बिगड़ता है तो स्थिति गंभीर हो सकती है। दिपके ने भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आंदोलन कर रहे छात्र, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता वायरस नहीं बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ दिन पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आंदोलनकारियों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब भाजपा अध्यक्ष का बयान उसी सोच को आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जो लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, उन्हें अपमानित करना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। जंतर-मंतर पर चल रहा आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक शिक्षा सुधार, छात्रों को न्याय और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे सहित प्रमुख मांगों पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती।

## दिल्ली पुलिस ने सेवानिवृत्त हुए 179 कर्मियों को मानद पदोन्नति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की मानद रैंक पदोन्नति योजना के तहत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे 179 कर्मियों को मानद पदोन्नति दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 11 हेड कांस्टेबलों को सहायक उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया, 48 सहायक उप-निरीक्षकों को उप-निरीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया, और 120 उप-निरीक्षकों को मानद निरीक्षक बनाया गया। यह समारोह पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में आयोजित किया गया और इसकी अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त (प्रोविजनिंग और वित्त प्रभाग) राजेश खुराना ने की। उन्होंने कहा कि पुलिस जैसी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी अपने काम की प्रकृति के कारण अक्सर अपने परिवार के सदस्यों की अपेक्षा अपने सहकर्मियों के साथ अधिक समय बिताते हैं। खुराना ने दिल्ली पुलिस में उनकी समर्पित सेवा और अमूल्य योगदान को स्वीकार किया और सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, खुशहाल जीवन की कामना की।

## डीयू कैंपस में आयोजित की गई संत कबीर पर संगोष्ठी

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी कार्यक्रम में मध्ययुगीन भक्तिकाल में ज्ञानमार्गी निर्गुण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महान संत कबीर साहेब के 628 वें प्रकटोत्सव दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय - संत कबीर साहेब आज क्यों प्रासंगिक हैं ? - रहा। संगोष्ठी में उनके अनुयायी और मानने वालों ने आज के परिवेश में कबीर के विचारों की आवश्यकता पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन ने कहा कि सभी विद्वान वक्ताओं का एक ही मत था कि सामाजिक समरसता और सामंजस्य स्थापित करने के लिए कबीर के चिंतन का प्रचार-प्रसार किया जाए। इस संगोष्ठी में समाजसेवियों, कबीर पंथ के अनुयायियों, एवं विभिन्न विद्वानों ने कबीर साहेब पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर के.पी. सिंह, डॉ. वी.के. कटारिया, डॉ. के योगेश, डॉ. राज पाल सिंह, घनश्याम भारती, पल्लवी प्रियदर्शनी, प्रसून पाटिल आदि ने भी कबीर साहेब पर अपने विचार रखे। मंच संचालन शोधार्थी अविनाश ने किया।

## ब्लू लाइन मेट्रो पर आई ओवरहेड इक्विपमेंट में खराबी यमुना बैंक-आनंद विहार के बीच चलाई लूप सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन, द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी और वैशाली पर मंगलवार शाम को आई तकनीकी खराबी से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बताया कि ब्लू लाइन पर ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) में खराबी के कारण, ब्लू लाइन के आनंद विहार और वैशाली सेक्शन के बीच ट्रेन सेवाएँ शाम 5.20 से 6.43 बजे तक प्रभावित रहीं।

डीएमआरसी ने बताया कि मरम्मत का काम करने के लिए, आनंद विहार और वैशाली के बीच कुछ समय के लिए सेवाएं रोक दी गई थी और आखिरकार शाम 6.43 बजे सेवाएं बहाल कर दी गईं। इस सेक्शन में कनेक्टिविटी बनाए रखने के लिए यमुना बैंक से आनंद विहार मेट्रो स्टेशन तक कुछ समय के लिए सिंगल लाइन ऑपरेशन (लूप) में सेवाएं दी गई। जबकि नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी से द्वारका सेक्टर 21 सेक्शन के बीच ट्रेन सेवाएँ सामान्य रूप से चलती रहीं। डीएमआरसी का कहना है कि यात्रियों को खराबी से संबंधित जानकारी देने के लिए स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर लगातार घोषणा की जाती रही जिससे उन्हें ज्यादा परेशानी न हो।

# स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं दोनों संस्थान: संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन के कार्यों की समीक्षा की

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (दिल्ली शाखा) और सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन के कार्यों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दोनों संस्थाओं की कार्यप्रणाली, भविष्य की योजनाओं और मानवीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपराज्यपाल संधू ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन दशकों से स्वास्थ्य सेवाओं,



आपातकालीन सहायता और राहत कार्यों के माध्यम से समाज की महत्वपूर्ण सेवा कर रहे हैं। उन्होंने इन संस्थाओं की मानवीय विरासत की सराहना करते हुए उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में संस्थाओं के परिचालन रोडमैप की समीक्षा की गई तथा सेवा वितरण को बेहतर बनाने, संस्थागत क्षमता को मजबूत करने और कार्यप्रणाली में दक्षता बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। उपराज्यपाल ने विशेष रूप से सेंट जॉन एंबुलेंस सेवाओं को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने तथा पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) प्रशिक्षण कार्यक्रम, शीतकालीन राहत अभियान तथा दिव्यांगजनों की सहायता जैसी मानवीय पहलों को और व्यापक बनाने के लिए दिल्ली प्रशासन हरसंभव सहयोग देगा।

उपराज्यपाल संधू ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) साझेदारियों सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुधारात्मक कदमों से दोनों संस्थाओं की सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी तथा जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य एवं राहत सेवाएं पहुंचाई जा सकेंगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद चरखी दादरी | वार्ड नं. 12 एमसी चरखी दादरी में शिव मंदिर बिचला बस्सा से पी.एच. गोदाम तक रोड और साथ लगती गलियों का निर्माण + 9 कार्य। | 27.06.2026 06.07.2026 | 1,81,62,452/- | https://etenders.hry.nic.in | 7357580557 eemcchdadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46669/I/88/7 दि. 30.06.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | फरीदाबाद के लिए सेक्टर 9–8 से बाईपास के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट और सेक्टर 64 में 4 अदद नलकूपों तथा जलापूर्ति योजना के विभिन्न स्थानों पर 22 अदद बूस्टिंग स्टेशनों सहित विद्युत, यांत्रिकी, और सिविल कार्य, स्वतंत्र फीडर इत्यादि का प्रचालन व रखरखाव और एक वर्ष की अवधि के लिए उससे संबद्ध सभी अन्य कार्य। | 25.06.2026 06.07.2026 | 2,23,69,032/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 nitinkadian.ulb@hry.gov.in |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड–29, डिवी.–V, एमसीएफ में बंगाल शूटिंग के सामने ग्रीन बेल्ट की दीवार पर सीमेंट प्लास्टर सहित ग्रिल और चार दीवारी के पुनर्निर्माण/अपग्रेडेशन हेतु आकलन + 5 कार्य। | 25.06.2026 02.07.2026 | 1,75,96,799/- | https://etenders.hry.nic.in @gmall.com | 1292411649 xenmcf5 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/80/46667/I/88/7 दि. 30.06.26

## खबर संक्षेप

### डीटीसी बसों में पिंक पास सेवा जारी

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में महिलाओं के लिए पिंक पास के माध्यम से निःशुल्क यात्रा की सुविधा फिलहाल जारी रहेगी। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई से इस सुविधा को बंद नहीं किया जाएगा और अगले आदेश तक महिलाएं पहले की तरह पिंक पास के जरिए मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। वहीं, बता दे कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर पिंक पास सुविधा बंद होने की चर्चाएं हैं और मंगलवार को आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आया है। विभाग के अनुसार, महिलाओं के लिए, निःशुल्क बस यात्रा की वर्तमान व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जब तक इस संबंध में कोई नया आदेश जारी नहीं होता, तब तक डीटीसी बसों में महिलाओं को पिंक पास के आधार पर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती रहेगी।

### संपति करदाताओं को दी एक महीने की और सौगात

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने संपत्ति करदाताओं को एक महीने की और सौगात देते हुए घोषणा की है कि अब दिल्ली नगर निगम ने 10 प्रतिशत की छूट के साथ एकमुश्त संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तिथि को एक माह बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी है। महापौर ने लोगों से अपील करते हुए आह्वान किया है कि वह आगे आएं और 31 जुलाई 2026 से पूर्व एकमुश्त अपना संपत्ति कर भरे और 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाए। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम चाहता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एकमुश्त संपत्ति कर भुगतान पर दी जा रही 10 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ अधिक से अधिक करदाताओं को मिले। महापौर ने जो करदाताओं विभिन्न कारणों से निर्धारित समय में 10 प्रतिशत की छूट का लाभ प्राप्त नहीं कर सके उनके लिए एक और मौका है। वहीं दूसरी तरफ निगम के राजस्व में भी वृद्धि होगी। वाही ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में यानी 31 जुलाई 2026 के बाद एकमुश्त संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तिथि को और आगे बढ़ाए जाने की संभावना लगभग न के बराबर है।

## राजधानी में आज से लागू हो रही है दिल्ली ईवी नीति 2026

# ‘पुरानी ईवी नीति की कमियों को दूर कर बनाया 2030 का रोडमैप’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



29 जून को घोषित की गई दिल्ली ईवी नीति -2026 एक जुलाई से लागू हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2020 में भी पूर्ववर्ती सरकार ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईवी नीति लागू की थी, जिसने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की शुरुआत करने में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल प्रोत्साहन देकर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है।

अब आवश्यकता ऐसी व्यापक नीति की थी, जो दिल्ली के पूरे परिवहन तंत्र को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इसी सोच के साथ दिल्ली सरकार ने ईवी नीति-2026 तैयार की है। यह नीति केवल इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि मार्च 2030 तक के स्पष्ट रोडमैप के साथ परिवहन व्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव, चार्जिंग अवसंरचना के विस्तार, मजबूत संस्थागत व्यवस्था और विभिन्न वाहन श्रेणियों के चरणबद्ध विद्युतीकरण का व्यापक विजन प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पूर्ववर्ती नीति मुख्य रूप से प्रोत्साहन आधारित थी और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाना पूरी तरह स्वैच्छिक था।

नई सरकार ने इस व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए प्रोत्साहनों के साथ विभिन्न वाहन श्रेणियों के लिए चरणबद्ध अनिवार्य विद्युतीकरण का स्पष्ट कार्यक्रम तैयार किया है, जिससे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई गति मिलेगी।

### सरकार योजनाओं को बना रही व्यावहारिक और भविष्य के अनुरूप

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार केवल योजनाएं घोषित करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि समय की जरूरत के अनुसार उन्हें अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाकर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली ईवी पॉलिसी-2026 इसी सोच का परिणाम है। यह नीति केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दिल्ली के परिवहन तंत्र में व्यापक परिवर्तन लाकर स्वच्छ, आधुनिक और टिकाऊ मोबिलिटी व्यवस्था की मजबूत नींव रखेगी।

### तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 30 हजार रुपये तक का खरीद प्रोत्साहन जारी रखा गया है। इसके साथ पहली बार पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 10 हजार रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। इतना ही नहीं, एक अप्रैल 2028 से दिल्ली में नए दोपहिया वाहनों का पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के रूप में किया जाएगा। तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। जहां पहले खरीद प्रोत्साहन 30 हजार रुपये तक था, वहीं नई नीति में इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये तक कर दिया गया है। पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 25 हजार रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही 1 जनवरी 2027 से एल-5 श्रेणी के नए ऑटो रिक्शा का पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के रूप में किया जाएगा, जिससे इस श्रेणी का पूर्ण इलेक्ट्रिक संक्रमण सुनिश्चित होगा।

### पहली बार माल ढोने वाले वाहनों के लिए व्यापक प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में पहली बार माल ढोने वाले वाहनों के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। पहले केवल सीमित संख्या में ई-कार्गो वाहनों को प्रोत्साहन और कुछ मार्गों पर नो-एंट्री समय से छूट का प्रावधान था। अब एन-1 श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रकों पर 1 लाख रुपये तक का खरीद प्रोत्साहन, पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 50 हजार रुपये तक का अतिरिक्त लाभ, एन-1 वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक पंजीकरण का प्रावधान और शुरुआती 1,000 एन-2 इलेक्ट्रिक ट्रकों को विशेष नो-एंट्री छूट दी जाएगी।

### स्कूल बस बेड़े के 30 प्रतिशत हिस्से को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें पहली बार स्कूल परिवहन को भी स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। वर्ष 2030 तक स्कूल बस बेड़े के 30 प्रतिशत हिस्से को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पूर्ववर्ती नीति में चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने पर जोर था, लेकिन नई सरकार ने इसे और व्यापक बनाते हुए दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) को नोडल एजेंसी बनाया है। इसके साथ सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, डिजिटल मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म, ग्रिड प्लानिंग फ्रेमवर्क और बड़े पैमाने पर चार्जिंग नेटवर्क के विकास के लिए समर्पित प्रशासनिक व्यवस्था विकसित की जाएगी।

### संबंधित विभागों की तय की गई हैं स्पष्ट जिम्मेदारियां

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नई नीति का संस्थागत ढांचा भी पहले से कहीं अधिक मजबूत बनाया गया है। जहां पहले केवल ईवी सेल और स्टेट ईवी बोर्ड था, वहीं अब परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली ईवी एपेक्स कमेटी, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड कमेटी, पीएमसी सहयोग के साथ समर्पित ईवी सेल तथा सभी संबंधित विभागों की स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि नीति का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैटरी प्रबंधन के क्षेत्र में भी नई नीति महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आई है। पहले केवल बैटरी रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने की बात थी, जबकि अब बैटरी ट्रेसबिलिटी (निर्माण से लेकर रिसाइकल तक डिजिटल जानकारी), कलेक्शन सेंटर, एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) का अनुपालन, पीपीपी मॉडल पर रीसाइक्लिंग व्यवस्था और एसओपी आधारित बैटरी प्रबंधन ढांचा विकसित किया जाएगा।

## सिविक सेंटर की पार्किंग में करोड़ों की ईवी कारें फांक रही है धूल : नारंग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी 2026 पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा की ट्रिप्पल इंजन सरकार केवल फटा ढोल पीट रही है। जबकि सच्चाई यह है कि दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर की पार्किंग में गत 9 साल से करोड़ों कीमत की 75 इलेक्ट्रिक गाड़ियां (कारें) धूल फांक रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 में भाजपा शासित एमसीडी ने करोड़ों रुपए खर्च करके यह 75 इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदी या किराए पर ली थी। उसके बाद से आज तक भाजपा के कई मेयर आए और चले गए लेकिन इन ईवी गाड़ियों से किसी ने कोई सरोकार नहीं रखा। उन्होंने आरोप लगाते हुए पूछा कि चार इंजन की भाजपा सरकार बताए, इन गाड़ियों पर दिल्लीवालों की मेहनत का पैसा क्यों बर्बाद किया। आज भी सिविक सेंटर की बी-2 और बी-3 पार्किंग में वर्षों से खड़ी 75 इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेकार खड़ी हैं। वर्ष 2017-18 में करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी या लीज पर ली गईं ये गाड़ियां आज तक इस्तेमाल नहीं हुईं। यह जनता के टैक्स के पैसे की खुली बर्बादी है।



## आशुतोष मुखर्जी के भाषण आज भी हमारे मस्तिष्क को राष्ट्रभावना से पुनः ऊर्जावान बनाते हैं : नड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जिस प्रकार एक मोबाइल फोन को प्रतिदिन रिचार्ज करना पड़ता है, उसी प्रकार सार्वजनिक जीवन को भी निरंतर बौद्धिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। डॉ. आशुतोष मुखर्जी के भाषण आज भी हमारे मस्तिष्क को संवैधानिक मूल्यों, तर्कपूर्ण विमर्श और गहन राष्ट्रभावना से पुनः ऊर्जावान बनाते हैं।

यह विचार मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने डॉ. आशुतोष मुखर्जी (1864–1924) की 162वीं जयंती के अवसर पर दिल्ली विधानसभा द्वारा प्रकाशित पुस्तक ‘द कलेक्टेड स्पीचेस ऑफ बंगाल टाइगर आशुतोष मुखर्जी’ का लोकार्पण किया। डॉ. आशुतोष मुखर्जी प्रख्यात शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, वर्ष 1904 में इंपीरियललेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायाधीश तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे। नड्डा ने कहा कि डॉ. आशुतोष मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन संवैधानिक चिंतन, बौद्धिक अनुशासन और भारत की सभ्यतागत मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा से प्रेरित था। उन्होंने पुस्तक में संकलित बत्तीस विधायी भाषणों का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भावनात्मक नारों के स्थान पर तर्कपूर्ण संवैधानिक विमर्श के माध्यम से नागरिक स्वतंत्रता, प्रशासनिक उत्तरदायित्व, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा राष्ट्रीय आत्मविश्वास का सशक्त समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान और सिद्धांतों पर आधारित डॉ. मुखर्जी का अडिग राष्ट्रवाद आज भी विधायकों, नीति-निर्माताओं और जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## बिधूड़ी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधायक कुलदीप सोलंकी के साथ मंगलवार को द्वारका फेज-1 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया तथा सीवर लाइन बिछाने के विकास कार्यों की शुरुआत की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोगों तक व्यापक और निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रही है। यहाँ मुफ्त जांच, दवाइयां, और मातृ-शिशु देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहाँ 80 से अधिक तरह की निःशुल्क लैब टेस्ट जैसे ब्लड टेस्ट, शुगर, यूरिन टेस्ट आदि और 100 से ज्यादा आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर प्रशिक्षित डॉक्टर तथा पेरा मेडिकल स्टाफ भी सदा उपलब्ध रहता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन, जच्चा-बच्चा देखभाल और बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए 12 प्रकार के निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा भी दी जाती है। इसके अलावा पालम विधानसभा क्षेत्र में ही द्वारका सेक्टर-1 से महावीर विहार तक विधायक कुलदीप सोलंकी के साथ बिधूड़ी ने नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य की भी शुरुआत की।

## शाहदरा में महापौर वाही संग मल्होत्रा ने दिखाई 76 स्वच्छता गाड़ियों को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महापौर प्रवेश वाही ने केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ मिलकर निगम के शाहदरा उत्तर एवं शाहदरा दक्षिण क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए 76 अतिरिक्त स्वच्छता संसाधनों को हरी झंडी दिखाई। जानकारी अनुसार दोनों क्षेत्रों के लिए कुल 76 आधुनिक स्वच्छता वाहनों एवं उपकरणों को स्वच्छता अभियान में शामिल किया गया।

इनमें 52 स्वच्छता वाहन शाहदरा उत्तरी और 24 शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के लिए लिए गये हैं। 24 टिपर, 10 हुक लोडर, 28 बैटरी रिक्शा, तथा मिनी आरसी एवं मिनी डम्पर शामिल हैं। इन संसाधनों के माध्यम से विशेष रूप से संकरी गलियों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। मंगलवार को हुए आयोजन में पहुंचे दिल्ली भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा दिल्ली को कूड़ा मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए संसाधनों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। इस मौके पर मल्होत्रा ने कहा कि निगम और स्वच्छता एक-दूसरे के पर्याय हैं। मैं सभी सफाई कर्मचारियों को साधुवाद देता हूं, जिनकी मेहनत से दिल्ली स्वच्छ बनी हुई है। दिल्ली सरकार द्वारा निगम को उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों एवं वित्तीय सहयोग से स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। मैं सभी सफाई कर्मचारियों से आग्रह करता हूं कि वे इसी समर्पण के साथ कार्य करते हुए दिल्ली को देश की सबसे स्वच्छ राजधानी बनाने में अपना योगदान दें। महापौर वाही ने कहा कि स्वच्छ दिल्ली केवल निगम की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है।

## छात्रों की गूंज अभियान के तहत दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्रों की गूंज अभियान के तहत 9 अगस्त को दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बाबत मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में एआईसीसी के सचिव दिल्ली सह प्रभारी दानिश अबरार और प्रदेश कांग्रेस महासचिव (संगठन) अनिल भारद्वाज, भारतीय युवक कांग्रेस के महासचिव विकास छिकारा और ऑल इंडिया एनएसयूआई के महासचिव अवनीश शर्मा ने विधानसभा आब्जवरों को दिशा निर्देश दिए। अनिल भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के दौरान हर वर्ष प्रतियोगी बड़ी परीक्षाओं का पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इस वर्ष नीट का पेपर लीक होने की 90वीं घटना थी। नेता विपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर नीट पेपर लीक की विफलताओं और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान 25 जून से 9 अगस्त तक देश के 28 राज्यों और 28 शहरों में चलाया जा रहा है और दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा छात्रों के भविष्य को बचाने के लिए आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियों के लिए दिल्ली में 2 जुलाई से 6 जुलाई तक विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के केंद्रीय नेतृत्व की यह हठधर्मिता की मिसाल है कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने, परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की आवाज छात्रों की गूंज कार्यक्रम में परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही और शिक्षा प्रणाली और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर युवाओं को एकजुट करने की मांगे हैं जिनको हम दिल्ली में आयोजित छात्रों की गूंज हर कार्यक्रम में उठा रहे हैं।

## पर्यावरण मंत्री ने की राजौरी गार्डन क्षेत्र में सरकारी खाली पड़ी जमीनों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव, उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में स्थित विभिन्न सरकारी खाली पड़ी जमीनों की वर्तमान स्थिति तथा उनके संभावित उपयोग की समीक्षा के लिए राजस्व विभाग, विभिन्न नागरिक एजेंसियों एवं पश्चिमी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में अतिक्रमण रोकने और जनहित के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के निर्देश दिए। बैठक में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के स्वामित्व वाली खाली भूमि का विस्तृत आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अनेक स्थानों पर पर्याप्त चारदीवारी नहीं है, अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है तथा कई जगहों पर कचरा और निर्माण मलबा डाला जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य, पर्यावरण और जनसुरक्षा संबंधी गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सरकारी भूमि जनता की अमूल्य संपत्ति है और इसका प्रत्येक इंच दिल्लीवासियों के हित में उपयोग होना चाहिए। इन भूमि पर अतिक्रमण या उपेक्षा होने देने के बजाय पार्किंग, सामुदायिक केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पार्क तथा अन्य जनोपयोगी सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए।

## दिल्ली सरकार के 650 करोड़ के दवा घोटाले में लाइजनर राजीव रंगली सबसे बड़ा किरदार: भारद्वाज

नई दिल्ली। प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 650 करोड़ के दवा घोटाले में लाइजनर राजीव रंगीला सबसे बड़ा किरदार है। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता बताएं कि एफआईआर में हर पन्ने पर राजीव रंगीला नाम है, फिर भी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। एसीबी की एफआईआर में साफ है कि राजीव रंगीला ने सरकार के साथ मिलकर सरकारी खजाने को 650 करोड़ का चूना लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों के लिए उपकरण, दवा, बेडशीट समेत सारे सामान का टेंडर सिर्फ राजीव रंगीला की कंपनी को ही मिला है। हर सामान का स्पेसिफिकेशन भी खुद राजीव रंगीला ही तय करके डॉ. रंगा को देता था और फिर टेंडर निकलता था। मार्केट में उपलब्ध 10 लाख के एक्सरे मशीन का राजीव रंगीला डिस्ट्रीब्यूटर बनकर बोली लगाता और टेंडर ले लेता था। भारद्वाज ने कहा कि निर्माता कंपनी से 10 लाख की एक्सरे मशीन लेकर राजीव रंगीला दिल्ली सरकार को 33 लाख रुपए में देता था। ईडी पार्टी की सरकार एक संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर को बर्खास्त कर वाहवाही लूट रही है, लेकिन राजीव रंगीला पर चुप है। भारद्वाज ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार के 650 करोड़ रुपए के दवा घोटाले की पूरी क्रोनोलॉजी परत-दर-परत खोल कर रख दी है। इस मामले में 2 जून 2026 को एफआईआर दर्ज हुई थी।

## रेखा गुप्ता ने की दो नई योजनाओं की घोषणा

# ‘पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से चमकेगी दिल्ली की विरासत’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, विकास और संवर्धन के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। दोनों योजनाएं कैबिनेट ने मंजूर कर दी है। इन योजनाओं के माध्यम से दिल्ली सरकार पहली बार सरकारी, निजी और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से दिल्ली के स्थानीय महत्व के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण और विकास का व्यापक अभियान शुरू करेगी।

दिल्ली सरकार - हमारे स्मारक, हमारा गौरव- योजना के अंतर्गत ‘दिल्ली मुख्यमंत्री स्मारक अभिग्रहण योजना’ और ‘दिल्ली मुख्यमंत्री विरासत नवोत्थान योजना’ शुरू कर रही है, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं और नागरिक इस अभियान का हिस्सा बन सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर स्मारक मित्र किसी स्वीकृत कार्यक्रम या आयोजन से कोई आय अर्जित करते हैं तो उस राशि का उपयोग केवल संबंधित स्मारक के रखरखाव और विकास पर ही किया जाएगा। उस आय को निजी लाभ के रूप में अपने पास रखने की अनुमति नहीं होगी। स्मारक अभिग्रहण की अवधि पांच वर्ष होगी। इसके लिए दिल्ली सरकार, संबंधित भूमि स्वामी एजेंसी और स्मारक मित्र के बीच त्रिपक्षीय समझौता (एमओयू) किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी तथा नियमित निगरानी, समय-समय पर समीक्षा और हितधारकों एवं पर्यटकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर योजना का मूल्यांकन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार का पुरातत्व विभाग ‘दिल्ली प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम- 2004’ के अंतर्गत दिल्ली के स्थानीय महत्व वाले उन ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण, रखरखाव और विकास का दायित्व निभाता है, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते। इन स्मारकों को बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना, उनके आसपास आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करना और उन्हें पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।

### स्मारकों को गोद लेने का सरकार दे रही है अवसर

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि ‘दिल्ली मुख्यमंत्री स्मारक अभिग्रहण योजना’ के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू), निजी कंपनियां, पंजीकृत एनजीओ, ट्रस्ट, संस्थाएं और इच्छुक नागरिक स्वैच्छिक योगदान के माध्यम से दिल्ली सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों को गोद ले सकेंगे। ऐसे सहयोगी ‘स्मारक मित्र’ कहलाएंगे। वर्तमान में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग के संरक्षण में 75 ऐतिहासिक स्मारक हैं। इस योजना के तहत ‘स्मारक मित्र’ संबंधित स्मारक पर साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, लाइट एंड साउंड जैसी पर्यटक सुविधाओं के विकास, संचालन और रखरखाव का पूरा खर्च स्वयं वहन करेंगे। इसके तहत प्रत्येक गोद लिए गए स्मारक पर दिल्ली सरकार को औसतन लगभग 4.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष की बचत होगी।

## डीएमआरसी ने पटेल चौक स्टेशन पर खोला दिल्ली रिज इंटरप्रिटेशन सेंटर, मिलेगी नई जानकारी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने पटेल चौक स्टेशन पर एक नई शुरूआत करते हुए दिल्ली रिज इंटरप्रिटेशन सेंटर खोल दिया है। यह अनोखा सेंटर दिल्ली रिज की अनोखी पारिस्थितिकी विशेषताओं, जिन्हें अक्सर शहर के हरे फेफड़े कहा जाता है को प्रदर्शित करने और इसके महत्वपूर्ण पर्यावरणीय गुणों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने का अहम कार्य करेगा। डीएमआरसी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली रिज इंटरप्रिटेशन सेंटर की शुरुआत के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोयल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। जबकि दिल्ली सरकार के वन और वन्यजीव विभाग के मुख्य वन संरक्षक डॉ. पी. विश्वकन्नन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार सहित अन्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि दिल्ली रिज इंटरप्रिटेशन सेंटर उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा जो दिल्ली रिज के इतिहास और विरासत के बारे में जानना चाहते हैं।

## नाला और सड़क बनाने का काम चल रहा है धीमा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। लक्ष्मीनगर विधानसभा के मंडावली इलाके में नाला बनाने के काम की गति धीमी होने से स्थानीय लोग और कारोबारी नाराज हैं। गौरतलब है कि मंडावली के मुख्य मार्ग पर पिछले तीन महीने से करीब 500 मीटर नाला बनाने का काम चल रहा है लेकिन काम की गति धीमी होने के कारण अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। मौजूदा हालात यह है कि 500 मीटर की पूरी सड़क खुदी पड़ी हुई है। जिस कारण स्थानीय दुकानदारों का व्यापार लगभग बंद हो गया है। उन्होंने कहना है कि यह काम अगर एक महीने में ही पूरा हो जाना था लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने कहना है कि यह काम जल्द ही पूरा होना चाहिए नहीं तो मानसून आने पर पूरा मार्ग तालाब में तब्दील हो जाएगा।

## 7 से 31 जुलाई तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

# प्रथम चरण में शहर की 600 किमी से अधिक प्रमुख सड़कों का चयन

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नगर निगम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी 7 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नगर निगम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी 7 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निगम आयुक्त ने बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक किलोमीटर सड़क को सुंदर स्वरूप विकसित करते हुए व्यापक सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। अभियान के दौरान सड़क सफाई, सड़क मरम्मत, सेंटर वर्ज की मरम्मत, पौधारोपण, ग्रीन बेल्ट का रखरखाव, सी एंड डी (निर्माण एवं विध्वंस) अपशिष्ट का उठान तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्य विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में शहर की लगभग 600 किलोमीटर से अधिक प्रमुख सड़कों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद अभियान का विस्तार अन्य सडक़ों तथा गलियों तक किया जाएगा, ताकि पूरे शहर में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण का एक समान वातावरण सुनिश्चित हो सके।



### विभागवार टीमें गठित करने के निर्देश

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के सफल संचालन के लिए शीघ्र ही विभागवार टीमें गठित की जाएं तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि सडक़ के बीच स्थित सेंटर वर्ज में लगभग छह इंच तक मिट्टी निकाली जाए, कई जगह पर देखा गया है कि मिट्टी वापसी सडक़ पर फिसल आती है जिससे वायु प्रदूषण होता है।

### कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध चालान

उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाए, जिससे शहर हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बन सके।अभियान के दौरान नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्कों, ग्रीन बेल्ट तथा स्वच्छता कार्यों का नियमित निरीक्षण करेंगे। साथ ही नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सी एंड डी वेस्ट फेंकने तथा कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर फरीदाबाद का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनोंए रोटरी क्लब सहित अन्य नागरिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगाए ताकि जनभागीदारी के माध्यम से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

## खबर संक्षेप

### जॉइंट कमिश्नर मीणा ने पदभार ग्रहण किया



फरीदाबाद। हरियाणा सरकार ने आईपीएस राजेंद्र कुमार मीणा को संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाया है। जिन्होंने पदभार संभाल लिया है। राजेंद्र कुमार मीणा वर्ष 2011 बैच के आईपीएस हैं। वे मूल रूप से राजस्थान के दौसा के रहने वाले हैं। अपने 15 वर्ष के कार्यकाल का दौरान उन्होंने हरियाणा पुलिस में विभिन्न पदों पर आसीन रहे।

### दो मामलों में 5 गिरफ्तार 61,720 बरामद



फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा जुआ अधिनियम के तहत सट्टा खाई करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते 29 जून को अपराध शाखा सेक्टर-16 एवं अपराध शाखा एनआईटी की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ की 61,720 की राशि बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसराइल व विनोद को सट्टा खाई करते हुए गिरफ्तार किया।

### गोदाम से स्टील गायब मैनेजर सहित 2 काबू



फरीदाबाद। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में स्थित एक फर्म के गोदाम से स्टील शीट के गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रोहित उर्फ उग्रभान निवासी गांव भिलावली जिला आगरा उत्तर प्रदेश हाल निवासी सेक्टर-18 फरीदाबाद तथा लवकुश निवासी गांव मीरपुर जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल निवासी जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। जिनको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जन्म तिथि अपडेट न होने की स्थिति में लाभार्थियों को होगी परेशानी

# पीपीपी में जन्म तिथि सत्यापन नहीं कराने वालों को मिलेगा एसएमएस

फरीदाबाद में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण ने नागरिकों को संदेश भेजा है कि उन्हें अपने परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि की पुष्टि करनी होगी। एडीसी अंजलि श्रोत्रिया ने अपील की है कि विशेषकर वृद्धजन समय सीमा के भीतर जानकारी को दुरुस्त करें, नहीं तो उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (एचपीपीए) की ओर से उन नागरिकों को एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जा रही है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि (डीओबी) सत्यापित नहीं है। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) अंजलि श्रोत्रिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस संदेश को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी जन्म तिथि का सत्यापन जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि का सत्यापन सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी है। जन्म तिथि अपडेट नहीं होने की स्थिति में भविष्य में लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सत्यापन सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी**

**सत्यापन के लिए 10वीं की अंकतालिका, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट ले जाएं**



### पेंशन कार्यालय में जाकर सत्यापन करवा सकते हैं

विशेष रूप से वृद्धजन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने वाले नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपनी जानकारी दुरुस्त करवाएं। एडीसी ने बताया कि जिन बुजुर्गों को जन्म तिथि सत्यापन से संबंधित एसएमएस प्राप्त हुआ है और वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे हैं, वे सबसे पहले अपने नजदीकी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पेंशन कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करवाएं। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि ऑनलाइन अपडेट और सत्यापित कर दी जाएगी। जन्म तिथि सत्यापन के लिए नागरिक 10वीं की अंकतालिका, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा कम से कम पांच वर्ष पुराने जारी किए गए मतदाता पहचान पत्र में से कोई एक मान्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

### फरीदाबाद में रेनीवेल लाइन का काम शुरू

- बहादुरपुर गांव में किया जा रहा रेनीवेल काम

फरीदाबाद। शहर के एक हिस्से में एक जुलाई तक पेयजल आपूर्ति नहीं होगी। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा रेनीवेल जलापूर्ति लाइन नंबर-2 पर कनेक्शन जोड़ने के कार्य शुरू कर दिया है। यह काम तिगांव के निकटवर्ती बहादुरपुर गांव में किया जा रहा है। गांव के सरपंच रविंद्र सिंह बांकुरा ने बताया कि यह काम होने के बाद अब रास्ता चलने लायक हो जाएगा।

## 109. 808 किलोग्राम गांजा को किया नष्ट

# नशे से दूर रहकर समाज कल्याण में योगदान दें देश के युवाः गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस का अवैध नशा, मादक पदार्थ पर लगातार प्रहार जारी है। जिसके अंतर्गत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जब्त किये गये मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में फरीदाबाद पुलिस द्वारा 87 मामलों में जब्त किया गया 109.808 किलोग्राम गांजा को आग के हवाले कर नष्ट किया है। यह कार्रवाई तिगांव रोड गांव जसाना स्थित गोल्डन ईगल वैस्ट मैनेजमेंट कंपनी में की गई।

बता दें कि जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी में पुलिस आयुक्त फरीदाबाद चेयरमैन हैं तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय सदस्य हैं। जिनकी देखरेख में यह कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

### फोटोग्राफी करवाकर सुरक्षित तरीके से निपटान

पुलिस आयुक्त ने अपनी देखरेख में मादक पदार्थ गांजा की फोटोग्राफी करवाकर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत गवाहों के सामने नष्ट करते हुए आग के हवाले करवाया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ विभिन्न थानों के वर्ष 2023-2026 के मामले से संबंधित थे। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि नशा मनुष्य को आर्थिक स्थिति के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक रूप से भी कमजोर करता है।



## नेहरू कालोनी बचाओ समित का धरना

# 5 जुलाई को केन्द्रीय राज्य मंत्री का घेराव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेहरू कॉलोनी बचाओ संघर्ष समिति सहित अन्य कॉलोनियों के सैकड़ो निवासी आगामी 5 जुलाई को रविवार के दिन केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के आवास पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन प्रशासन द्वारा कॉलोनी वासियों को जारी किए जा रहे नोटिस और उनके मकानों को तोडऩे के विरोध में किया जाएगा। यह जानकारी निगम कार्यालय के आगे चल रहे धरने पर बैठे लोगों को संबोधित करते हुए कमेटी के सदस्य वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। आज धरने को 16 दिन हो गए हैं। धरने की अध्यक्षता कामरेड निरंतर पाराशर, नवल सिंह, देवकी देवी, शकुंतला, पूनम और नीता ने संयुक्त रूप से की।

उन्होंने कहा कि सरकार शहर से लगी हुई कीमती जमीनें जिन पर पिछले 60-70 बरसों से लोग रहते हैं। अब यह भूमि स्वाभाविक रूप से विभिन्न कॉर्पोरेट घरानों के लिए आकर्षक बन गई। प्रदेश की भाजपा सरकार पूंजी पत्तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वैधानिक प्रावधानों और साथ ही साथ मानव अधिकारों का हनन करते हुए बसे बसाये लोगों को उजाडऩे में लगी हुई है। शहर की अनेकों कालोनीवासियों को नोटिस दिये गए हैं।

## पुलिस आयुक्त कार्यालय में दी गई विदाई

# फरीदाबाद पुलिस परिवार के छह सदस्य सेवानिवृत्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस परिवार के लिए भावुक एवं गौरवपूर्ण रहा। पुलिस विभाग में वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 6 पुलिसकर्मियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सेक्टर-21 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में सम्मानजनक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त एनआईटी उतम एवं भलाई निरीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय तक ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ विभागीय सेवाएं वाले इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसआई, ईएसआई सुरेश कुमार, ईएसआई राजकुमार, ईएसआई ब्रह्म प्रकाश, ईएसआई राजेश कुमार तथा ईएचसी महेन्द्र सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हुये हैं। उनके सम्मान में पुलिस द्वारा यह विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस उपायुक्त एनआईटी उतम ने कहा कि पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात आमजन की सुरक्षा करते हैं तथा कानून व्यवस्था एवं समाज सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों का विभागीय कार्यों में योगदानए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा है, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान किया।

## जनसुनवाई शिविर में महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# 20 शिकायतें प्राप्त, कई मामलों में मौके पर ही किया समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद द्वारा आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक जनसुनवाई शिविर का आयोजन इस सप्ताह सोमवार को संत कबीर जयंती के सरकारी अवकाश के कारण मंगलवार को मेयर कार्यालय में किया गया। शिविर की अध्यक्षता महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने की, जबकि निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निगम लगातार कार्य कर रहा है, ताकि पानी माफियाओं की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई शिविर नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

### कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई न किए जाने की मांग

महापौर ने बताया कि शिविर में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान मलेरना गांव के समीप स्थित रामनगर कॉलोनी के निवासियों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए कॉलोनी में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग की। महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं सेक्टर-21सी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बडख़ल पुल के नीचे बनी झुग्गियों को हटाने की मांग की।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | एम.सी. झज्जर में गुरुग्राम रोड पर छिक्कारा चौक से दादरी बाईपास तक और महाराजा अग्रसेन चौक से रमेश गैस एजेंसी तक सेंट्रल वर्जेज का सौंदर्यीकरण + 14 कार्य। | 25.06.2026 06.07.2026 | 10,94,90,183/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416386838 sjsecymcjhajjar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46672/I/88/7 दि. 30.06.26


# बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने व 2 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मंगलवार को डिजिटल अरेस्ट साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है और एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल बरामद, 19 लाख रुपए फ्रीज किया है। डीसी ग्रामीण धवल जायसवाल ने बताया कि पी राम प्रकाश हुरिया, निवासी रामप्रस्थ कालोनी गाजियाबाद के साथ 22 मई से 4 जून, 2026 के बीच साइबर अपराधियों द्वारा मनी लॉड्रिंग केस का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट में रखकर उनके बैंक खाते से 2.19 करोड़ रुपए की साइबर फ्रॉड की घटना के संबंध में थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में इस गैंग के सदस्य अभियुक्त शुभम सिंह यादव को घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन व अन्य अभिलेखों के साथ 29 जून को थाना क्षेत्र अजगैन, उन्नाव से गिरफ्तार किया गया।



### आरोपी को विदेश में बैंठे सदस्यों से क्रिप्टो करेंसी में कमीशन मिलता था

विवेचना से यह भी प्रकाश में आया है कि इस गैंग के सदस्य हरिओम पाण्डेय को गैंग के विदेश में बैंठे सदस्यों से क्रिप्टो करेंसी में कमीशन मिलता था । गैंग के विदेश में बैठे सदस्य सिंगापुर से पीड़ित से फ्रॉड कर बैंक खाते में प्राप्त किये पैसे को आनलाइन ट्रांसफर कर विभिन्न खातों में डायवर्ट कर साइफन करते हैं ।

### 5% कमिशन का वादा किया था

अभियुक्त शुभम यादव ने पूछने पर बताया कि वह एमबीए करने के बाद होटल लीज लेने तथा कन्स्ट्रक्शन का व्यवसाय करने लगा । शुभम सिंह यादव के वकील ओंकार श्रीवास्तव ने लखनऊ मटियारी में मेडिकल चलाने वाले आसिफ अंसारी के माध्यम से प्रयागराज निवासी हरिओम पाण्डेय से शुभम सिंह की मुलाकात करायी ।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिला में नाथूसरी चोपटा में चौ. देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय में कंसर्टिना कॉयल फेंसिंग का प्रावधान और चार दीवारी के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य | 26.06.2026 03.07.2026 | 85.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | वर्ष 2026-27 हेतु पलवल जिले में गांव गुरवारी के निकट यमुना नदी के ऊपर पोन्टून ब्रिज का वार्षिक रखरखाव (विखंडन और लांचिंग) (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | 26.06.2026 02.07.2026 | 61.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हांसी जिले में ज्युडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स में क्रेश का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 26.06.2026 02.07.2026 | 15.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1163259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पंप हाऊस नं. 1 पर 35 सीएस वीटी पंप के 05 अदद एमएस डिलीवरी पाइप की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 02.07.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मंडी डबवाली :- " उत्तम नगर में आईपीएस, संग्रहण टैंक (6.00 Å- 4.00 एम), पंप चैंबर, चार दीवारी के निर्माण, पंपिंग मशीनरी की स्थापना और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान व बिछाने के कार्य के साथ-साथ उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी"। सीएच. हैड :- मंडी डबवाली :- डबवाली कस्बा जिला सिरसा में नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण। | 26.06.2026 13.07.2026 | 1487.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद पानीपत | गांव काबरी, ब्लॉक पानीपत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण। | 25.06.2026 06.07.2026 | 409.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7027133058 xenzilaparishadpanipat@gmail.co |
| 7 | जिला परिषद अंबाला | सीसंगढ़ ब्लॉक बराड़ा-सीसंगढ़ (दोसारका) ब्लॉक बराड़ा जिला अंबाला में ओमप्रकाश से मिंटु तक आईपीबी गली का निर्माण, मेन रोड से सुनील एडवोकेट तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 21 कार्य। | 26.06.2026 03.07.2026 | 162.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 zpexenambala@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अंबाला | एचजीवीवाई-गांव बेगोमाजरा ब्लॉक अंबाला-1 में हरकिरत के खेत से कुलभूषण के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 26.06.2026 02.07.2026 | 7.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव टेहा में आईपीबी शमशान घाट रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.07.2026 | 107.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/180/46684/I/88/7 दि. 30.06.26

## पेज एक का शेष

### जी-20 की बैठक में ...

अमेरिका और उसके साथ ही कनाडा भी शामिल है। जहां अमेरिका में जी-20 की बैठक होगी और उसके बाद कनाडा में भारत-कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अंतिम रूप से दिया जा सकता है। फ्रांस में जी-7 के दौरान हुई भारत, कनाडा के शीर्ष नेताओं की मुलाकात में भी इस समझौते के मामले पर चर्चा की गई थी। दोनों पक्षों ने इससे जुड़ी प्रक्रिया में चल रही तेजी को लेकर संतोष जाहिर करते हुए सीईपीए को मौजूदा साल के अंत तक पूरा करने पर बल दिया था।

### 55 हजार श्रद्धालुओं...

कि जम्मू संभाग में 55,000 यात्रियों के ठहरने की क्षमता तैयार है। मुफ्त भोजन के लिए जगह-जगह लंगर लगाए गए हैं और साफ-सफाई, परिवहन व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए 57 दिनों की यह यात्रा

**दो मार्ग :** अनंतनाग जिले का पारंपरिक और सुगम 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग गांदरबल जिले का छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग

### जन्म के आधार पर...

में ऐसे माता-पिता से पैदा हुए हैं जो देश में गैर-कानूनी तरीके से या अस्थायी तौर पर रह रहे हैं। कोर्ट ने कार्यकाल के आखिरी दिन 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि अमेरिकी धरती पर पैदा होने वाले लगभग सभी लोगों को अमेरिकी नागरिकता का अधिकार मिलना चाहिए। कोर्ट के इस फैसले से 14वें संशोधन की लंबे समय से चली आ रही कानूनी व्याख्या बरकरार रहेगी, जो ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी धरती पर पैदा होने वालों को नागरिकता की गारंटी देती है।

### भारतीय सेना के 31वें...

से भारतीय सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यरत थे। केंद्र सरकार ने हाल ही में उनकी अगले सेनाप्रमुख के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की थी।

**सेनाप्रमुख बनने तक का सफर :** मंत्रालय के मुताबिक, अलग-अलग सैन्य अभियानों में हर स्तर पर जनरल सेठ ने शीर्ष स्तर पर अपने दायित्व का निर्वहन किया है।

जिसमें रेगिस्तानी क्षेत्र में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, पश्चिमी मोर्चे पर एक बख्तरबंद ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवाद रोधी बल मुख्य हैं। सेना कमांडर के पद पर पदोन्नत होने पर उन्होंने दक्षिण पश्चिमी (पुणे मुख्यालय) और दक्षिणी कमान (जयपुर मुख्यालय) की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान उन्होंने सेना की दो परिचालन कमान को संभालने तथा ढाई साल से अधिक वक्त तक महत्वपूर्ण मोर्चों पर रणनीतिक पर्यवेक्षण प्रदान करने का महत्वपूर्ण गौरव प्राप्त किया है। कई महत्वपूर्ण स्टाफ और रणनीतिक पदों पर उन्होंने कार्य किया है।

जिनका परिचालन योजना, सेना के प्रबंधन और क्षमता विकास पर अहम प्रभाव पड़ा है। बतौर लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में जनरल सेठ ने सुदर्शन चक्र कोर (21वीं कोर) की कमान संभाली। यह कोर सेना की दक्षिणी कमान का हिस्सा है। इसका मुख्यालय भोपाल में स्थित है और इसे सेना की एक प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन में से एक माना जाता है। दिल्ली क्षेत्र के जीओसी, जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में भी जनरल धीरज सेठ काम कर चुके हैं। जहां उन्होंने मुख्य रूप से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभियानों और औपचारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह किया। 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने दक्षिणी कमान के प्रमुख के रूप में इस कोर की उच्च-स्तर पर परिचालन तत्परता को भी उन्होंने बनाए रखा था।

**मुश्किल वक्त में संभाली कमान :** जनरल सेठ ने एक ऐसे कठिन समय में सेना की कमान संभाली है। जब वह एक बहुत बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। बल में बड़े पैमाने पर नई और आधुनिक तकनीक को आत्मसात करने की कवायद जारी है। युद्ध के परंपरागत खतरों से हटकर ड्रोन, लाइटरिंग म्यूनिशन जैसे अपरंपरागत खतरों से निपटने को लेकर सेना अपने कदम आगे बढ़ा रही है। तीनों सेनाओं के एकीकृत सैन्य स्वरूप यानी थिएटर कमांड को भी बाकी सैन्यबलों के साथ मिलकर जल्द से जल्द जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाना है। इस बाबत पूर्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) ने एक प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेज दिया है।

**आधुनिकीकरण में अहम योगदान :** सेना के आधुनिकीकरण में जनरल धीरज सेठ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। जिसमें आधुनिकीकरण की दिशा, क्षमता रोडमैप और दीर्घकालिक सैन्य संरचना जैसी पहलों को आकार देने जैसे विषय शामिल हैं। उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, भविष्य के युद्धक्षेत्र की अनिवार्यताओं के साथ परिचालन आवश्यकताओं को संरेखित करने में भी उनका योगदान रहा है। वह एक कुशल सैन्य पेशेवर हैं और उन्होंने पेशेवर सैन्य शिक्षा में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं।

### जनरल सेठ का ...

प्रतिष्ठित कमांड-स्टाफ कोर्स में भी उनकी भागीदारी रही है। जो समकालीन सैन्य मामलों को लेकर जनरल सेठ के व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण और समझ को प्रदर्शित करता है।

### रामपुर में मिलक एवं बिलासपुर विस में 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

# रामभक्तों पर लाठी-गोली चलाने वाले अब कर रहे आस्था की वकालत, जनता समझ चुकी इनकी झूठ

मुख्यमंत्री रामपुर जनपद के मिलक व बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों की 700 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामपुर/ मुरादाबाद।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था व विरासत के अपमान पर विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग 2017 से पहले कांवड़ यात्रा रोकने, त्योहारों पर बंदिशें लगाने और 'जय श्रीराम' बोलने पर लाठी-गोली चलवाते थे, आज वे अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख आस्था की वकालत कर रहे हैं। जो कांग्रेस प्रभु श्रीराम व श्रीकृष्ण के अस्तित्व को ही नकार चुकी थी, वह भी 'राम सबके हैं' कहकर अयोध्या जाने के लिए मचल रही है।

उन्होंने ऐसे लोगों की तुलना 'कालनेमी' के छल-कपट से करते हुए कहा कि जनता इनके झूठ व दोहरे चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है।मुख्यमंत्री मंगलवार को रामपुर जनपद के मिलक व बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों की 700 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण /शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

**बिलासपुर की रुद्रविलास चीनी मिल का होगा पुनरुद्धार व विस्तारीकरण**



#### कांग्रेस-सपा का शासन अन्याय का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा शासनकाल अन्याय व अराजकता का प्रतीक रहा है। 2017 से पहले सपा की निरंकुश सत्ता में रामपुर के गरीबों और बाल्मीकि समुदाय की जमीनों पर जबरन कब्जा किया जाता था और उनकी आवाज को दबा दिया जाता था। विकास केवल सैफई व रामपुर के दो परिवारों तक सीमित था, जबकि बाकी जनता को विकास से वंचित रखा जाता था। बिजली देने में भी 'पिक एंड चूज' की नीति अपनाई जाती थी, जिससे सैफई में बिजली आती थी लेकिन पीलीभीत व रामपुर जैसे क्षेत्र अंधेरे में रहते थे। जनता जनार्दन ने इस अन्यायी सत्ता को पलट कर पूरे राज्य में संदेश दिया। डबल इंजन सरकार में 'पिक एंड चूज' नहीं होता। बिजली सभी 75 जनपदों में आएगी। जहां भी आवश्यकता थी, इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई दिए।

#### मुरादाबाद में दिखा सीएम योगी का वात्सल्य



जिस बच्ची का कराया था दाखिला, उसी के हाथों कराया 'श्री राम वाटिका' का लोकार्पण

विकास व विरासत के संगम के बीच मुरादाबाद में एक भावुक नजारा देखने को मिला। सीएम योगी ने जब करोड़ों रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का लोकार्पण किया, तो सबसे भावुक पल 'श्री राम वाटिका' के उद्घाटन का रहा। इस भव्य वाटिका का लोकार्पण किसी राजनेता या अधिकारी ने नहीं, बल्कि वहां मौजूद दो नन्ही बच्चियों वांची और आची ने मुख्यमंत्री के सानिध्य में किया।

### गोरखनाथ मंदिर व सीएम को बम से उड़ाने की धमकी

**कुशीनगर।** सोमवार की रात 12 बजे डीआईजी गोरखपुर को फोन कर



गोरखनाथ मंदिर व सीएमको बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। मोबाइल के लोकेशन के आधार पर गोरखपुर और पटहेरवा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने धमकी देने वाले 15 वर्षीय किशोर को पकड़ा।

### अयोध्या में कांग्रेस का प्रदर्शन

# राम मंदिर दर्शन को लेकर सियासी घमासान, अजय राय नजरबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

अयोध्या में मंगलवार को दिनभर राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहीं। राम मंदिर दर्शन को लेकर कांग्रेस और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सियासत गरमा गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अजय राय को मंदिर दर्शन से पहले नजरबंद किया गया, जबकि प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के तहत आवश्यक कदम उठाने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर, आचार्य नरेंद्र देव विश्वविद्यालय परिसर और आसपास कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए राम मंदिर दर्शन की अनुमति की मांग की और सरकार के खिलाफ



नारेबाजी की। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया।

#### आरोपियों और संबंधित खातों के वित्तीय लेन-देन की पड़ताल

उधर, राम मंदिर दान प्रकरण की जांच भी लगातार आगे बढ़ रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों और संबंधित खातों के वित्तीय लेन-देन की पड़ताल तेज कर दी है। जांच एजेंसियां कई वर्षों के बैंक रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही हैं ।





डेंगू ऐडीज मच्छर के काटने से फैलता है।
यह मच्छर दिन में काटता है व रूके हुए साफ पानी में पनपता है।

प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस (Drying Day) मनाएं तथा सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज के पीछे बनी ट्रे, गमले तथा गमले के नीचे रखी ट्रे को खाली करके कम से कम 24 घंटे तक सुखाएं ताकि मच्छर के अण्डे व लारवा मर जाएं

**डेंगू के लक्षण**
- अकस्मात तेज बुखार का होना।
- अचानक तेज़ सिर दर्द होना।
- मांस–पेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना।
- आंखों के पीछे दर्द होना, जोकि आंखों को घुमाने से बढ़ता है।

**आम जनता से अपील हैं कि डेंगू रोकने के लिए**
- घरों के आस–पास गढ्डों को मिट्टी से भरवा दें। छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें या कपड़ा बांध कर रखें।
- मानसून की बरसात शुरू होने से पहले छत पर बेकार प्लास्टिक का सामान / बर्तन, पुराने टायर, नारियल के खोल आदि को साफ कर लें।
- प्रत्येक रविवार को अपने घर में व शुक्रवार को अपने कार्यालय में सूखा दिवस (Drying Day) मनाएं।
- घर के सभी सदस्य पूरी बाजू के कपड़े पहनें या मच्छररोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें।
- कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें।
- बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में खून की जांच करवाएं। चिकित्सक की सलाह से ही दवाई खाएं व स्वयं दवाई न खाएं

दूर रखनी है यदि ये बीमारी, तो निभानी होगी सबको अपनी जिम्मेदारी।
पानी ठहरेगा जहां - मच्छर पनपेगा वहां
Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on @NHMHRY @NationalHealthMissionHaryana @haryananhm @nhmharyana8720

हरियाणा सरकार
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

हरियाणावासियों के लिए राज्य के प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में प्लेटलेट्स की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है।

**मुफ्त जांच सुविधाएं**
- 27 सरकारी डेंगू जांच प्रयोगशाला में मुफ्त डेंगू की जांच उपलब्ध है।
- ये सभी प्रयोगशालाएं राज्य के प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में हैं।
- सभी प्राइवेट लैब को अलाईजा आधारित एन.एस. 1 एवं आई.जी.एम. डेंगू टैस्ट 600 रुपये में करने के निर्देश।

इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अपने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या जिला मलेरिया अधिकारी से सम्पर्क करें



स्वास्थ्य विभाग हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dip

rharyana



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style

# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉड्र्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

### माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

***ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :*** जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।



### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

## 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

# 88 हजार करोड़ के रोड मास्टर प्लान से बदलेगी मप्र की तस्वीर


प्रतीकात्मक चित्र।

भोपाल इंदौर समेत प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

◆ 5 साल में बनेंगी 29,682 किमी सड़कें
6 ग्रीनफील्ड कॉरिडोर होंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने करीब 88,637 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी रोड मास्टर प्लान तैयार किया है। पीएम-गतिशक्ति पोर्टल के आधार पर तैयार इस प्लान के तहत अगले पांच वर्षों में 29,682 किलोमीटर लंबी सड़कें विकसित की जाएंगी। योजना में 1,226 सड़क मार्ग शामिल हैं और इसके माध्यम से प्रदेश के प्रमुख शहरों के बीच बेहतर एवं तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### उज्जैन को दी गई प्राथमिकता

मास्टर प्लान के तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा 2,745 किलोमीटर लंबे छह नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें सागर-सतना, भोपाल-इंदौर, जबलपुर-भोपाल, भोपाल-मंदसौर, इंदौर-उज्जैन और सागर-जबलपुर मार्ग शामिल हैं। योजना के पहले वर्ष 2026-27 में सबसे अधिक 8,003 किलोमीटर सड़क निर्माण और उन्नयन का कार्य किया जाएगा, जिस पर 23,805 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अगले चार वर्षों में शेष परियोजनाएं चरणबद्ध तरीके से पूरी होंगी। प्रस्तावित नेटवर्क में 15,984 किमी विभागीय सड़कें, 2,745 किमी ग्रीनफील्ड सड़कें और 11,388 किमी अन्य सड़कें शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी के अनुसार परियोजनाओं के लिए राज्य बजट, राष्ट्रीय राजमार्ग मद, सीएसआर फंड और अन्य वित्तीय स्रोतों से संसाधन जुटाए जाएंगे। विभाग का कहना है कि इस योजना से ट्रैफिक जाम कम होगा, यात्रा का समय घटेगा, माल परिवहन सस्ता होगा और उद्योग, कृषि तथा पर्यटन को नई गति मिलेगी।


यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया।

### राज्य वित्त आयोग-यूनिसेफ की बैठक संपन्न

# बच्चों में निवेश बढ़ाने से मप्र की मजबूत होगी नींवः पवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित मप्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बच्चों में निवेश बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए उन्हें वित्तीय रूप से अधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से आयोग अपनी अनुशंसाओं में बच्चों के विकास से जुड़े आवश्यक संकेतकों को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करेगा।

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया ने यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में बच्चों के समग्र विकास, पोषण और समावेशी आर्थिक विकास को लेकर हुठ बैठक में यह बात कही। बैठक में यूनिसेफ मप्र के प्रमुख विलियम हेनलोन जूनियर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि पंचायतों एवं शहरी निकायों के लिए वित्तीय हस्तांतरण का सूत्र निर्धारित करते समय बच्चों की आवश्यकताओं और उनके विकास से जुड़े संकेतकों को भी महत्व दिया जाना चाहिए।

### आयोग की अनुशंसाओं में शामिल करने का सुझाव

बैठक में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 के आधार पर मप्र के विभिन्न जिलों में बौनापन, शारीरिक दुर्बलता, कुपोषण तथा बाल विवाह की स्थिति से अवगत कराते हुए इन संकेतकों को आयोग की अनुशंसाओं में शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही इस विषय में यूनिसेफ द्वारा आयोग को तकनीकी एवं विशेषज्ञ सहयोग उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में अध्यक्ष पवैया ने यूनिसेफ के प्रस्तुतीकरण और सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि इस संवाद से राज्य वित्त आयोग को स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण को बच्चों के विकास से जोड़कर देखने का नया दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हितों को प्राथमिकता देने वाली योजनाओं को स्थानीय स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए वित्तीय संसाधनों का समुचित प्रावधान आवश्यक है और आयोग इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा।

## नीदरलैंड के कॉन्सुल जनरल ने डीजीपी मकवाणा से की भेंट



**भोपाल।** डीजीपी कैलाश मकवाणा से सोमवार को नीदरलैंड के मुंबई स्थित कॉन्सुल जनरल नबील ताउआती ने पुलिस मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुंबई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार कौस्तुभ परिहार और कृषि सलाहकार प्रसाद पारते भी मौजूद रहे। बैठक में डीजीपी मकवाणा ने मप्र पुलिस द्वारा आधुनिक पुलिसिंग, तकनीकी नवाचार, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता दी जा रही है। डीजीपी ने प्रदेश सरकार और पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान की भी जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, जन-जागरूकता अभियानों तथा आपसी सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान पर सकारात्मक चर्चा हुई।

■ साइबर सुरक्षा-नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा

### श्रीकृष्ण मंदिरों में भगवान का 16 श्रृंगार और शिवालयों में गलंतिका का विसर्जन

# भगवान श्रीजगन्नाथ ने किया सहस्त्रधारा स्नान, ज्वर लीला आरंभ, रहेंगे क्वारंटीन

कोलार इस्कॉन मंदिर में भगवान को औषधीय काढ़ा देने के लिए उड़ीसा से विशेष जड़ी-बूटियां मंगाई



कोलार इस्कॉन मंदिर में भगवान को औषधीय काढ़ा पिलाते मंदिर के सेवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सोमवार को विशेष योग में भगवान जगन्नाथ का सहस्त्रधारा स्नान कराया गया। स्नान लीला के बाद उनकी ज्वर लीला शुरू हुई। अब शहर के जगन्नाथ मंदिरों में भगवान 15 दिन तक क्वारंटीन रहेंगे। इस दौरान उन्हें औषधीय काढ़ा, खिचड़ी और विशेष भोग अर्पित किए जाएंगे। श्रद्धालु इस अवधि में दर्शन नहीं कर सकेंगे। 12 दफ्तर स्थित मंदिरऔर कोलार स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का सहस्त्रधारा स्नान किया गया। कोलार इस्कॉन में भगवान को औषधीय काढ़ा देने के लिए उड़ीसा से विशेष जड़ी-बूटियां मंगाई गई हैं। जगन्नाथपुरी की तर्ज पर ही अनुष्ठान हुआ।

### जगन्नाथपुरी की परंपरा के तहत हुआ स्नान

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर जगन्नाथपुरी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को स्वर्ण कुएं के पवित्र जल से स्नान कराया जाता है। भगवान जगन्नाथ को 35, बलभद्र को 33, सुभद्रा को 22 और सुदर्शन को 18 घड़ों के पानी से स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद ज्वर आने की मान्यता है, जिसके बाद दो सप्ताह तक घर में एकांतवास होता है। चौबदारपुरा के श्री बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में भगवान का 16 कलाओं से युक्त रजत सिंह शृंगार किया गया। राधावल्लभ मंदिर, मारवाड़ी रोड के बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य कृष्ण मंदिरों में भी अनुष्ठान हुए।

### गलंतिका का विसर्जन हुआ

शिव मंदिरों में 60 दिन तक भगवान शिव को अर्पित गलंतिका का विसर्जन हुआ। गुफा मंदिर के पंडित लेखराज शर्मा ने बताया कि रुद्राभिषेक के साथ गलतिका का विसर्जन किया गया।

### भगवान का 108 पवित्र कलशों से महाभिषेक किया

इस्कॉन मंदिर, कोलार में सोमवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी की स्नान पूर्णिमा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान का 108 पवित्र कलशों से महाभिषेक किया गया। दिनभर हरिनाम संकीर्तन, विशेष पूजा, अभिषेक, महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया।

### भोपाल में 45-47 साल पहले निकाली गई थी जगन्नाथ रथ यात्रा

राजधानी भोपाल में पुरी जगन्नाथ की तर्ज पर सबसे पहले करीब 46 साल पहले साधु-संतो द्वारा कमला पार्क से निकाली गई। पुराने भोपाल निवासी जानकार प्रमोद नेमा ने बताया कि भोपाल में सबसे पहले करीब 46-47 साल पहले भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरुआत कमला पार्क से ही हुई थी और इसके मुख्य सूत्रधार और प्रथम आयोजक चंद्र मोहन अग्रवाल के नेतृत्व में निकाली गई थी। पुरी जगन्नाथ से ही भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी की मूर्ति बनाकर आई थी। जिनकी धूमधाम से स्थापना की गई थी। इसी तरह श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा करीब 42 सालों से निकाली जा रही है।

# सबमें राम को देखिये, तभी राम को अपने पास पाएंगे




**नई दिल्ली।** सनातन की प्रबल प्रहरी संस्था चेतना का रविवार को यहां 'रामायण महोत्सव-5.0' राम नाम की ऐसी ज्योत प्रज्वलित कर गया जो हर भारतवासी को वर्षों तक पिता, पुत्र, धर्मपत्नी, भाई, सखा, सास, ससुर, सलाहकार, सहयोगी, अनुयायी और निकट संबंधियों के दायित्वों, अपेक्षाओं का अहसास करवाता रहेगा।प्रखर वक्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन-दर्शन के उन पहलुओं को यहां रोहिणी सेक्टर 10 स्थित होटल क्राउन प्लाजा के खचाखच भरे सभागार में ऑडियंस के सामने रखा जो गहन अनुसंधान के बाद संकलित किए गए थे। चेतना का यह 78 वां सेमिनार था। 70 देशों में राम कथा कर चुके विश्व विख्यात कवि, लेखक, चित्रकार, गायक एवं कथाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य ने वाणी और तूलिका से ऐसी रामधुन छेड़ी कि उपस्थित सभी लोग सम्मोहित होकर घंटों उनका व्याख्यान सुनते रहे, रामनाम का जयकारा लगा कर थिरकते रहे। 'राष्ट्र देव श्रीराम', 'प्रशासन में राम', 'राष्ट्र में राम', 'परिवार में राम', 'कविता में राम', 'संगीत में राम', 'नृत्य में राम' विषयों पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, मर्मज्ञों ने भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व पर व्याख्यान दिया।

### दोनों ही मामलों में वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में मासूम सहित दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक मासूम सहित दो लोगों की मौत हो गई। इन दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने इन हादसों की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 29 जून को दोपहर करीब सवा तीन बजे हुई। यह छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्जुन ढाबा के पास घटी। ग्राम मुनमुंद निवासी रामअवतार राठिया ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। रामअवतार अपने चचेरे भाई रूपेंद्र राठिया के साथ हाटी गांव से लौट रहे थे। छाल की ओर से आ रहे एक ट्रेलर वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। ट्रेलर चालक तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इस टक्कर से मोटर साइकिल पर पीछे बैठे रूपेश राठिया की मौत हो गई। रूपेश की उम्र करीब 10 साल थी।

### अर्जुन ढाबे के पास हुआ हादसा

रामअवतार राठिया ने पुलिस को बताया कि वे ट्रैक्टर का सामान लेने हाटी गांव गए थे। वापस आते समय अर्जुन ढाबा के पास यह हादसा हुआ। ट्रेलर वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार ठोकर मारी। रूपेश राठिया को कुचलकर चालक भाग निकला। छाल पुलिस ने रामअवतार की रिपोर्ट पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अन्य घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

दूसरी घटना पुसौर थाना क्षेत्र में 29 जून की रात तकरीबन साढ़े 11 बजे हुई। यह ग्राम लोहरसिंग के पास स्थित सिंह ढाबा के पास घटी। एक अज्ञात वाहन ने करीब 50 साल के एक व्यक्ति को ठोकर मार दी। इस हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ने हल्का नीला रंग का टीशर्ट और काला लोअर पहना था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किए हैं। छाल पुलिस पहली घटना के फरार ट्रेलर चालक की तलाश में है। पुसौर पुलिस दूसरी घटना के अज्ञात वाहन और उसके चालक की खोज कर रही है। पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

### मछली पकड़ रहे लोगों ने दी पुलिस को सूचना

# हसदेव डैम के 10 नंबर गेट से 30 वर्षीय युवती ने लगाई छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दर्री क्षेत्र में मंगलवार सुबह हसदेव डैम के 10 नंबर गेट से करीब 30 फीट ऊंचाई से छलांग लगाकर एक 30 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। युवती के शव पर सुबह मछुआरों की नजर पड़ी तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नंदनी मेहर पिता नरेश मेहर उम्र 30 वर्ष निवासी नीलगिरि सिंचाई कॉलोनी, दर्री थाना के पीछे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नंदनी सोमवार सुबह 11 बजे से घर से लापता थी। घरवालों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह डैम में मछली पकड़ रहे लोगों ने पानी में शव तैरता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दर्री पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पानी से बाहर निकाला गया और आगे की कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। घटना की खबर फैलते ही डैम पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि नंदनी पार्लर का काम सीखने जाती थी। सुबह जब घरवाले उठे तो वह घर पर नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि डैम में एक युवती का शव मिला है। नंदनी के छोटे भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी नहीं हुई थी और वह करीब 30 साल की थी।

**उत्तर रेलवे**

**संशोधन**

संदर्भः i) टेंडर नंबर – 02261299, जिसकी अंतिम तारीख 29/06/2026 है
ii) टेंडर नोटिस नंबर – 10

(1) ऊपर दिए गए टेंडर के सदर्भ में, अंतिम तारीख को 29/06/26 से बढ़ाकर 06/07/26 कर दिया गया है।
(2) ऊपर दिए गए टेंडर के संदर्भ में, सीरियल नंबर–1 में डिलीवरी की अवधि में बदलाव किया गया है। बाकी सभी शर्तें और नियम पहले जैसे ही रहेंगे। यह संशोधन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
2240/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सहकारिता सप्ताह का अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र ने किया शुभारंभ



**भोपाल।** राजधानी के अपेक्स बैंक मुख्यालय के टी.टी.नगर स्थित प्रांगण में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने भारत सरकार के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ किया। मप्र में सहकारिता आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने नई सहकारी समितियां के गठन तथा सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए सात दिवसीय व्यापी थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है, इसी कड़ी में प्रथम दिवस अपेक्स बैंक में सहकारी ध्वज का ध्वजारोहण, उसके पश्चात वृक्षारोपण के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने सहकारिता की शपथ दिलाई एवं सामूहिक रूप से सहकारी गीत के गायन का आयोजन हुआ। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस वर्ष को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इसी कड़ी में 14 अप्रैल 2026 से प्रदेश में किसानों को सदस्य बनने के उद्देश्य से शुरू हुआ महासदस्यता अभियान जो 30 जून तक चलेगा, इसमें अधिक से अधिक किसानों को सहकारिता से जोड़ने और सदस्य बनाने की पहल की जाना अत्यंत आवश्यक है।

■ अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई सहकारिता की शपथ

## पांडातराई पुल के पास तेज रफ्तार कार नदी में गिरी, दंपति गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

सोमवार देर रात करीब 9:30 बजे पांडातराई पुल के पास एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कार तेज गति से चल रही थी। मोड़ पर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे कार पुल से नीचे नदी में जा गिरी। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास से गुजर रहे लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

## भारथक्लाउड ने टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आगरा के साथ किया एमओयू

**नई दिल्ली।** भारत की संप्रभु एआई क्लाउड अवसंरचना प्रदाता भारथक्लाउड ने 23 जून 2026 को टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आगरा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, ताकि जिलेभर के कर एवं वित्तीय पेशेवरों को सुरक्षित, एआई-रेडी क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह एसोसिएशन कर अधिवक्ताओं, जीएसटी प्रैक्टिशनर्स तथा ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स से सम्बंधित अनेक पेशेवरों के व्यापक समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है, जिनकी कुल सदस्य संख्या आगरा क्षेत्र में लगभग 400 से 450 है। एमओयू के तहत टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आगरा के सदस्यों को भारथक्लाउड की एआई-रेडी क्लाउड सेवाओं तक पहुंच का लाभ मिलेगा। भारथक्लाउड के सह-संस्थापक राहुल तक्कल्लापल्ली ने कहा आज कर पेशेवर ऐसे वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जहां संवेदनशील क्लाइंट जानकारी की मात्रा तथा डेटा सुरक्षा को लेकर अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्हें ऐसी क्लाउड अवसंरचना की आवश्यकता है, जो परिचालन संबंधी जटिलताओं या अधिक लागत जोड़े बिना महत्वपूर्ण क्लाइंट कार्यों का समर्थन कर सके। टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आगरा के साथ यह सहयोग पूरे भारत के पेशेवरों को सुरक्षा, अनुपालन और परिचालन दक्षता के साथ आत्मविश्वासपूर्वक क्लाउड अपनाने में सहायता करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

## कर्मचारी दीपक कुमार कनौजिया ने जीते एक स्वर्ण, तीन रजत पदक




**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (**DEPwD**) के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (**ALIMCO**) के कर्मचारी श्री दीपक कुमार कनौजिया ने 49वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं तीन रजत पदक अपने नाम किए हैं।यह प्रतियोगिता डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें श्री कनौजिया ने **SH**1 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए निम्नलिखित उपलब्धियाँ हासिल कीं—स्वर्ण पदक – 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (**SH**1)रजत पदक – 10 मीटर स्टैंडिंग राइफल (**SH**1)रजत पदक – 10 मीटर प्रोन राइफल (**SH**1)रजत पदक – 50 मीटर राइफल प्रोन (**SH**1)श्री कनौजिया की यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प तथा उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचायक है। उनकी सफलता न केवल **ALIMCO** परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि देशभर के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।इस अवसर पर **ALIMCO** के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने श्री दीपक कुमार कनौजिया को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि समर्पण, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से किसी भी चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि व्यवसायिक भूखण्ड संख्या-W-2, सैक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद का आवंटन मैसर्स खेमका स्टूअर्ट लीजर लि० कम्पनी के पक्ष में किया गया था। प्रश्नगत भूखण्ड को आवंटी संस्था द्वारा दिनांक 08.03.2004 को परिवर्तन विलेख/विक्रय विलेख कराये जाने के उपरान्त मानचित्र स्वीकृत कराते हुए हॉल/दुकान/बेसमेंट आदि का निर्माण किया गया। निर्मित काम्पलेक्स में से 66 दुकानों का विक्रय मैसर्स रागा इम्पेक्स प्रा०लि० के पक्ष में क्रमशः दिनांक 07.08.2024, दिनांक 08.01.2025, दिनांक 18.03.2025 व दिनांक 29.04.2025 को किया गया एवं बेसमेंट स्थित दुकान संख्या-18 का विक्रय आवंटी संस्था द्वारा श्री रमन गुप्ता के पक्ष में दिनांक 01.05.2025 को किये जाने के उपरान्त श्री रमन गुप्ता द्वारा क्रय की गयी दुकान संख्या-18 आवंटी संस्था को विक्रय पत्र दिनांक 06.05.2025 के माध्यम से विक्रय कर दी गयी। आवंटी संस्था द्वारा दिनांक 06.05.2025 को मैसर्स रागा इम्पेक्स प्रा०लि० के पक्ष में अन्य 07 दुकान एवं प्रश्नगत भूखण्ड पर निर्मित शेष काम्पलेक्स सम्पूर्ण भूखण्ड सहित विक्रय किया गया। इस प्रकार मैसर्स खेमका स्टूअर्ट लीजर लि० कम्पनी द्वारा प्रश्नगत व्यवसायिक भूखण्ड (निर्मित काम्पलेक्स सहित) मैसर्स रागा इम्पेक्स प्रा०लि० को विक्रय कर दिया गया। तदोपरान्त मैसर्स रागा इम्पेक्स प्रा०लि० द्वारा प्रश्नगत व्यवसायिक भूखण्ड (निर्मित काम्पलेक्स सहित) दिनांक 16.05.2025 को मैसर्स क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड के पक्ष में विक्रय किया गया। वर्तमान क्रेता प्रश्नगत भूखण्ड के प्राधिकरण अभिलेखों में सेलडीड दिनांक 16.05.2025 के आधार नामदर्ज कराना चाहते है। इस सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस / सूचना के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 15 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता / सकती है, अन्यथा उपरोक्तानुसार व्यवसायिक भूखण्ड संख्या-W-2, सैक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद के अभिलेखों में आवंटी संस्था मैसर्स खेमका स्टूअर्ट लीजर लि० कम्पनी के स्थान पर मैसर्स क्रॉसले रेमेडीज लिमिटेड का नाम दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

## चिंतन

# मानसून राहत के साथ चुनौती भी

उत्तर भारत में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए यह राहत का संदेश है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मानसून अपने साथ खुशियां और संकट दोनों लेकर आया है। बंगाल की खाड़ी से जम्मू-कश्मीर तक फैली करीब 1,500 किलोमीटर लंबी मानसून ट्रफ इस बात का संकेत है कि इस बार मानसून की गति कुछ दिनों तक धीमी रही, जिससे कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अब एक साथ भारी बारिश की संभावना मौसम की चरम घटनाओं की ओर इशारा करती हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में व्यापक बारिश होगी। यह बारिश खेतों के लिए अमृत साबित हो सकती है, लेकिन यदि तैयारी अधूरी रही तो यही पानी बाढ़, जलभराव और जनहानि का कारण भी बन सकता है। भारत में मानसून केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। देश की लगभग 42 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। समय पर और संतुलित मानसून किसानों के लिए बेहतर उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती और खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है। अच्छी फसल का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। मानसून जल सुरक्षा का भी सबसे बड़ा आधार है। वर्षा का पानी नदियों, झीलों, तालाबों और भूजल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करता है। जलविद्युत परियोजनाओं को ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और पूरे वर्ष पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मानसून का दूसरा चेहरा भी उतना ही कठोर है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, हिमाचल प्रदेश में फ्लैश फ्लड, उत्तर प्रदेश में पेड़ गिरने से हुई मौतें और मुंबई जैसे महानगरों में जलभराव यह बताते हैं कि भारत आज भी मानसून का पूरी तरह सामना करने के लिए तैयार नहीं है। हर वर्ष एक जैसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान स्थायी नहीं बन पाते। शहरों में नालों की सफाई समय पर नहीं होती, अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल निकासी बाधित रहती है और थोड़ी सी तेज बारिश भी पूरे शहरी तंत्र को ठप कर देती है। कृषि क्षेत्र में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। यदि मानसून कमजोर पड़ जाए या बारिश का वितरण असमान हो तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होती है। अल नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएं कई बार सूखे की स्थिति पैदा कर देती हैं, जिससे उत्पादन घटता है और महंगाई बढ़ती है। मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, सड़कें टूटती हैं, यातायात बाधित होता है और उद्योगों की उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। यानी मानसून का प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। ऐसे में किसानों और आमजन को भी वर्षा जल को संरक्षित करना होगा। शहरी क्षेत्रों में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने होंगे। आपदा प्रबंधन तंत्र को केवल राहत कार्य तक सीमित न रखकर पूर्व तैयारी पर अधिक ध्यान देना होगा। मानसून प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, लेकिन यह तभी वरदान बन सकता है जब उसकी प्रत्येक बूंद का सम्मान किया जाए। यदि वर्षा जल संरक्षण, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, मजबूत शहरी अवसंरचना और प्रभावी आपदा प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो मानसून केवल मौसम नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

## दिवस विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# आज 'थैंक्यू , डॉक्टर साहब!' कहिए तो याद कीजिए...

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। मरीजों के प्राण व स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयत्नों में डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित समर्पण के लिए उनका सम्मान करने, उनके प्रति कृतज्ञता जताने और उन्हें धन्यवाद देने का दिन, जो 'भारतरत्न' से सम्मानित अपने वक्त के देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और बारह से ज्यादा वर्ष तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे डॉ. बिधानचंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन डॉ. बिधानचंद्र रॉय की जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। 1882 में एक जुलाई को पटना के बांकीपुर में एक बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था तो 1962 में एक जुलाई को ही निधन भी हुआ-उनके 80वें जन्मदिन पर। बहरहाल, राजनेता के रूप में काम करते हुए भी उन्होंने चिकित्सक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आने दी, जिसके चलते दूरदर्शी संस्था-निर्माता के रूप में सामने आये और आधुनिक भारतीय स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा के जनक माने जाने लगे। उन्होंने कलकत्ता में चित्तरंजन सेवा सदन, चित्तरंजन कैंसर अस्पताल, विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन और जादवपुर टी.बी. अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही देश में चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर मानकों के नियमन के लिए 1939 में भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना की और उसके पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1928 में देश के डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के गठन में भी उनका बहुत बड़ा योगदान था। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, प्रसूति केंद्रों, और कुष्ठ रोग क्लीनिकों का अभूतपूर्व विस्तार किया। मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी अनेकानेक व्यस्तताओं के बावजूद, वे प्रतिदिन दो घंटे गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सहायता और दवाइयां देते थे। इसलिए एक जुलाई को, जो उनकी जयंती भी है और पुण्यतिथि भी, नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया और इस दिन उत्कृष्ट डॉक्टरों को सम्मानित किया जाने लगा। समय के साथ इस अवसर पर देश की पहली डिग्रीधारी महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी और उनके संघर्षों को भी याद किया जाने लगा। 1885 में पुणे (महाराष्ट्र) की आनंदीबाई गोपालराव जोशी ने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया तो उन्हें गुलामी के साथ पितृसत्ता की जाई नाना प्रकार की रूढ़ियों, संकीर्णताओं और परम्पराओं वगैरह का भारी भरकम बोझ भी उठाना पड़ा था। उन्होंने इंच-इंच संघर्ष कर सबको शिकस्त दी और देश की पहली डिग्रीधारी महिला डॉक्टर बनकर रहीं। अपने भीतर की मां को सदमे से उबारकर इस दृढ़ संकल्प तक पहुंचाया कि वे चिकित्सा विज्ञान पढ़कर डॉक्टर बनेंगी और अपने देखते किसी भी अन्य मां की गोद इस तरह सूनी नहीं होने देंगी। उन्होंने इस बाबत अपने पति गोपाल राव को बताया तो उन्होंने उसे पूरा करने में हर कदम पर उनका साथ देने का वचन दिया और उसे निभाया भी। उनका माता-पिता का दिया नाम यमुना था, जो विवाह के बाद एक परम्परा के तहत बदल दिया गया था और ससुराल वाले उन्हें आनंदीबाई कहकर पुकारने लगे थे। बाद में परम्परा के अनुसार अभिलेखों में उनके नाम के साथ पति का नाम जोड़ दिया गया तो उनका नाम आनंदीबाई गोपाल राव जोशी हो गया। अमेरिका में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करके वे स्वदेश लौटीं तो कोल्हापुर रियासत द्वारा संचालित अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल के महिला वार्ड में प्रभारी चिकित्सक नियुक्त हुईं। लेकिन नियति ने इस मोड़ पर भी उनका ट्रेजेडी से सामना कराना ही तय कर रखा था। पद भार संभालने के कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक (टीबी) की शिकार हो गईं, जो उन दिनों तक सर्वथा लाइलाज बीमारी मानी जाती थी। अंततः 26 फरवरी, 1887 को महज 22 साल की उम्र में इस असाध्य बीमारी ने उनकी जान ले ली और जिस तरह उनकी गोद सूनी हुई थी, उस तरह किसी और मां की गोद सूनी न होने देने का उनका सपना सपना ही रह गया। उनके वक्त में मुम्बई की उनकी जैसी ही बाल-विवाह पीड़िता रखमाबाई राउत (22 नवम्बर, 1864 - 25 सितम्बर,1955) ने नाना विघ्न बाधाओं के बीच लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन फॉर वीमेन से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर एमडी करनी चाही तो पाया कि वह संस्थान महिलाओं को एमडी ही नहीं करवाता। इसके चलते उन्हें ब्रसेल्स जाकर एमडी करनी पड़ी, जिसके बाद वे भारत की पहली महिला एमडी और पहली प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर बनीं। मुंबई के भीकाजी कामा अस्पताल में शुरुआती सेवाएं देने के बाद वे सूरत चली गईं और साढ़े तीन दशकों तक खुद को महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के प्रयत्नों में झोंके रखा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भरोसे और सच की कसौटी पर डॉक्टरी पेशा



डॉक्टर्स डे
डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टर को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा गया है। डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी हमेशा सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा रही है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से समाज में काफी सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष 'डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से नवाजा गया। चिंतनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है।

बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फलस्वरूप डॉक्टरों और मरीज के बीच पहले जैसा विश्वास नहीं रहा जो पेशे की अहम कड़ी है। बीते कुछ दशकों के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में कुछ ऐसे घटनाएं हुई है जिसने डॉक्टरी पेशे की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। विचारणीय है कि अतीत में जिस चिकित्सा पेशे के प्रति समाज और लोगों में सम्मान और भरोसा था उसकी डोर अब कमजोर होने लगी है। बहरहाल भारत जैसे देश में डॉक्टर और मरीज के बीच पनप रहे अविश्वास के लिए सरकार, समाज और चिकित्सक समान रूप से जिम्मेदार हैं। इस पेशे की घटती विश्वसनीयता के लिए मुख्य रूप से चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती व्यावसायिकता, सोशल मीडिया पर चिकित्सा और स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रामक खबरें, डॉक्टर और मरीज के बीच संवाद की कमी, चिकित्सा में बढ़ती जटिलताएं और मरीज अथवा परिजनों की अति उम्मीद के साथ ही मेडिकल लापरवाही और जवाबदेही का अभाव है।

भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण चिकित्सा पेशे में विश्वसनीयता की कमी आई है फलस्वरूप डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें अब आम हो चुकी है।हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा।अलबत्ता यह भी सच है कि नैतिक मूल्यों के पतन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी अछूता नहीं है जिसके चलते डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर भी दाग के छींटें पड़ने लगे हैं। बीते दौर में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले 'स्टेंट' अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है।



आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार लोगों का यह भी सोच बन चुका है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं। हाल के दिनों में कुछ डॉक्टरों के आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने और फर्जी डिग्री व रजिस्ट्रेशन के आधार पर सर्जरी करने या प्रेक्टिस करने की भी खबरें सामने आई है जो बेहद चिंताजनक है। हालांकि डॉक्टरों के बारे में उपरोक्त ख़बरें और धारणाएं अर्धसत्य है बिलाशक आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और प्रतिष्ठा के प्रति काफी संजीदा हैं। लिहाजा महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना अन्यायपूर्ण होगा। अधिकतर डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डॉक्टरों की जिंदगी में अनेक ऐसे क्षण आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता। सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कतई उचित नहीं है। हालांकि अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इन विसंगतियों के मद्देनजर चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की प्रतिष्ठा और शुचिता कायम रहे।

गौरतलब है कि देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था शुरूआत से ही उपेक्षा और बदहाली का शिकार रहा है। अभावों से जूझते सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में काम करने वाले चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स सीमित तनख्वाह में अपने परिवार से दूर 24 से 36 घंटे बीमार और गंदगी के बीच लगातार तीमारदारी में जुटे होते हैं। हाल के दिनों में काम के बोझ के चलते डॉक्टरों द्वारा खुदकुशी के मामले भी सामने आए हैं। दूसरी ओर सरकार डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने में लगातार नाकाम रही है फलस्वरूप डॉक्टरों और अस्पतालों पर हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। चिकित्सा पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर अहम सवाल यह भी कि डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा केवल चिकित्सा बिरादरी से ही क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है। अलबत्ता पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।

बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। डॉक्टरों को अपने उपचार की प्रक्रिया पर पूरी पारदर्शिता लानी होगी ताकि मरीज और परिजन उपचार के खर्च और परिणाम दोनों के प्रति आश्वस्त हो सकें। सरकार को भी बुनियादी स्वास्थ्यगत ढांचे को मजबूत करना होगा वहीं समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें। आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे साबित करें कि हम भारतीय हैं

आज के दिन भारतीयों के पास कोई ऐसा प्रमाण या प्रमाणपत्र नहीं है जिससे वो अपना भारतीय होना साबित करें। क्या यह अफसोस और शर्म की बात नहीं है। मैं 81 वर्ष पहले यहां पैदा हुआ, दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं और आज हमें कहा जा रहा है कि साबित करो तुम भारतीय हो। नागरिकता प्रमाणपत्र सबको नहीं मिलता, शायद उनको दिया जाता है जो यहां के पैदाइशी नहीं हैं या जो नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं। अगर पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पैन कार्ड आदि नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं हैं, तो नागरिकता कैसे साबित करें। हाल में अदालत ने अपने फैसले में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना। इसके बाद से नागरिकता प्रमाणपत्र को लेकर बहस छिड़ गई है।

*- समीर भट्टाचार्य, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### एआई से बने चेहरों को पहचानना अब पहले जितना आसान नहीं

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किए गए 'डीपफेक' चेहरे अब इतने वास्तविक दिखने लगे हैं कि वे अक्सर लोगों को धोखा दे देते हैं। कुछ शोध के अनुसार, 2027 तक डीपफेक से जुड़ी धोखाधड़ी का वार्षिक मूल्य 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। ज्यादातर लोगों के लिए एआई से बने चेहरों को पहचानना मुश्किल होता है। 2023 में हमें पता चला था कि कुछ एआई-निर्मित चेहरे इतने 'हाइपर-रियल' होते हैं कि वे वास्तविक इंसानी चेहरों से भी अधिक असली प्रतीत होते हैं। हमने यह भी पाया कि लोग अक्सर यह मानने में जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाते हैं कि वे एआई चेहरों की पहचान कर सकते हैं, जबकि सबसे अधिक आत्मविश्वासी लोग ही सबसे ज्यादा गलतियां करते हैं। डीपफेक का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर मौजूद तो हैं लेकिन वे यह नहीं बता पाते कि उन्होंने कैसे पता लगाया और उनमें कुछ बड़ी कमियां भी हैं। कुछ को तो बस तस्वीर का प्रारूप बदलकर जैसे पीएनजी से जेपीजी में बदलकर आसानी से धोखा दिया जा सकता है। हालांकि, यह भी सामने आया है कि अधिकतर लोग लगभग एक घंटे के अभ्यास से एआई-निर्मित चेहरों की पहचान करना सीख सकते हैं।



## ऑफ बीट

### तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6



ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियों, 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के ज़रिए हमारी सरकार मज़बूत औद्योगिक इकोसिस्टम बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' का मतलब है ऐसा भारत जो आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर



1.5 अरब लोगों की आबादी के लिए, हमने 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मज़बूत आधार तैयार हुआ है। यहां हमने स्क्रीनिंग और बीमारी का जल्द पता लगाने वाली सेवाएँ शुरू की हैं।

- **जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शिक्षा-परीक्षा प्रणाली



शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षाएं निष्पक्ष होंगी, तो तरक्की पक्की होगी। शिक्षा के कारण हिंदुस्तानी पहचान और इंसानियत खतरे में है। हम सकारात्मक शिक्षा लाएंगे और 'भाई-राष्ट्र' बनाएंगे। 'शिक्षा-परीक्षा प्रणाली' में बदलाव देश का भविष्य संवारेगा।

- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युवा खिलाड़ी



आयरलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया। आईपीएल में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाने वाले खिलाड़ी को बेंच पर बिठाना बेवकूफी है। कल अभिषेक शर्मा और वैभव से ओपनिंग करवाओ! इन युवा खिलाड़ियों को अपना जलवा दिखाने दो।

- **सुनील गावस्कर**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर, हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान

# असम में 96 गांव बाढ़ में डूबे, अरुणाचल में बाढ़- भूस्खलन से 12 जिलों में हाहाकार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से स्थिति बिगड़ती जा रही है। दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। असम में लेकू नदी के उफान से जोनाई इलाके में बाढ़ आ गई और नेशनल हाईवे 515 भी पानी में डूब गया। असम में 96 गांव बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। असम के छह जिलों के 22 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं।

सबसे ज्यादा असर धेमाजी जिले में पड़ा, जहां करीब 16 हजार लोग प्रभावित हैं। अब तक डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र की फसल खराब हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ से पैदा हुए हालात का जायजा लेने के लिए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू से फोन पर बात की।

## गृह मंत्री अमित शाह ने हालात का जायजा लेने सीएम हिमंता सरमा और खांडू से फोन पर बात की



अरुणाचल प्रदेश

कहीं मौसम की आफत तो कहीं पर लोगों को बारिश की 'चाहत'



असम

### 2-3 दिन में पूरे देश में पहुंचेगा मानसून

उन्होंने बताया कि मॉनसून ने उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी दस्तक दे दी है और अगले दो-तीन दिनों में इसके गुजरात और राजस्थान के और हिस्सों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के बचे हुए इलाकों में भी फैलने की उम्मीद है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बाद पंजाब, हरियाणा औरएनसीआर में भी पहुंचने की संभावना है।

मुंबई के चेंबूर में बड़ा हादसा

## स्कूल बस पर गिरा पेड़, एक छात्र की मौत, कई घायल

मुंबई के चेंबूर में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। बस में कुल 13 बच्चे सवार थे। घायल छात्रों को जैन अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। चार छात्रों का जैन अस्पताल में इलाज चल रहा है। चेंबूर ईस्ट में रोड नंबर 11 पर सेंट एंथोनी स्कूल के पास एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। फायर ब्रिगेड और बीएमसी की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। आपातकालीन बचाव दल ने गाड़ी के अंदर फंसे एक बच्चे को बाहर निकालने के लिए गिरे हुए पेड़ को काटा। निवासियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने बीएमसी को बार-बार पत्र लिखकर पेड़ों की छंटाई या कटाई का अनुरोध किया था और बताया था कि इसी तरह की घटना पहले भी क्षेत्र में हो चुकी है।

## नितिन नवीन ने तेलंगाना में पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को तेलंगाना के औशापुर में राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से जनता के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया तथा विकसित भारत और विकसित तेलंगाना के संकल्प को दोहराया। नवीन ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को जनविरोधी बताते हुए भाजपा को जनआकांक्षाओं का विकल्प बताया और कहा कि 2028 में तेलंगाना में भी कमल की सरकार बनेगी। मंच पर तेलंगाना भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एन. रामचंद्र राव, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद डीके अरुणा, तेलंगाना के प्रभारी सुनील बंसल, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण सहित गणमान्य मौजूद थे।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रोशन कुमार, पुत्र:** जय गोविंद ठाकुर, **पता:** म.सं. A-277, मुर्गा मार्केट के पास, शाहबाद डेयरी, दिल्ली, ने **FIR No. 494/2015, U/s: 279/304A/471 IPC, थाना: शाहबाद डेयरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 494/2015, U/s: 279/304A/471 IPC, थाना: शाहबाद डेयरी, दिल्ली,**के उक्त अभियुक्त, **रोशन कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.8.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 5
उत्तरी, कमरा नं.114, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8771/ON/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रजाज, पुत्रः** अब्बास, **निवासी:** म.नं. 179, गांव जसोला, सरिता विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 420/2023 U/s 411/34 IPC, थाना: सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजाज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 420/2023 U/s 411/34 IPC, थाना: सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रजाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री दिव्यम लीला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
कमरा नं. 508, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/8713/SE/2026
(Court Matter)


# अरुणाचल पहुंचे शिवराज बोलेः हर पीड़ित परिवार तक मदद पहुंचाकर ही चैन लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश पहुँचे, लेकिन खराब मौसम की वजह से हवाई सर्वे नहीं कर पाए और अब 1 जुलाई को अरुणाचल प्रदेश और असम के बाढ़ प्रभावित इलाकों में दिनभर ज़मीनी और हवाई दौरा करेंगे ताकि पीड़ित किसान और अन्य परिवारों की स्थिति सीधे देख सकें और मदद के लिए उपाय कर सकें। उनके दौरे में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू और मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी साथ रहें।केंद्रीय मंत्री चौहान ने दोपहर अरुणाचल पहुंचकर वहां लोगों से सीधे मिलकर उनकी तकलीफ सुनी।

उन्होंने कहा कि मौसम ने आज हेलीकॉप्टर रोक दिया, लेकिन हमारा इरादा नहीं रुकेगा। कल अरुणाचल और असम के बाढ़ प्रभावित इलाकों में दिनभर रहकर हर किसान और हर परिवार तक मदद पहुँचाने के लिए ज़मीन से लेकर आसमान तक पूरा जायज़ा लेंगे। इटानगर के सचिवालय में अरुणाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ की मौजूदा स्थिति, राहत सामग्री, पुनर्वास और आगे के कदमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के किसानों और ग्रामीणों की चिंता सीधे दिल्ली तक पहुँच चुकी है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र सरकार हर ज़रूरी मदद देने को तैयार है।




समारोह में डॉ. भागवत

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा

# आरएसएस विश्व को पूर्णता प्रदान कर रहा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय शिक्षण मंडल की 3 दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत टोली बैठक का आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक समापन हुआ। बैठक में देश के 43 प्रांतों से आए लगभग 380 प्रतिनिधियों कुलपति, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, शिक्षक एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रहे। उन्होंने कहा कि विश्व को पूर्णता प्रदान करना हमारा कार्य है। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य, मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानन्द जोशी , महामंत्री डॉ. भरत शरण, संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद सहित कार्यकारिणी के सदस्य एवं देशभर से आए प्रांत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का वृत्त तथा निष्कर्ष महामंत्री सुनील शर्मा ने प्रस्तुत किए।

### विश्व को सही बोध देने वाली शिक्षा का निर्माण करें

डॉ.भागवत ने कहा कि आज विश्व अनेक संकटों और जटिल प्रश्नों से जूझ रहा है। वैश्विक विचारधाराएं और व्यवस्थाएं जीवन को आंशिक रूप से देखती हैं, जबकि भारत की दृष्टि जीवन, समाज, प्रकृति और समस्त सृष्टि को एकात्म रूप में समझती है। भारत की ज्ञान परंपरा प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, धर्म, संतुलन और मानवता का कल्याण है।

चौहान ने सैनी के साथ हरियाणा में 'खेत बचाओ अभियान' के समापन में सहभागिता की

# मृदापरीक्षण के आधार पर ही उर्वरक का उपयोग करें, ज्यादा यूरिया-डीएपी घातक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के रेवाड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय, बावल में 'खेत बचाओ अभियान' के समापन एवं हरियाणा एफपीओ मिशन के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को टिकाऊ कृषि, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने की, जबकि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य मंत्री शश्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि थे। चौहान ने कहा कि मिट्टी की सेहत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि असंतुलित और अत्यधिक खाद एवं कीटनाशक के उपयोग से हमारी धरती मां बीमार हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मिट्टी के परीक्षण के आधार पर ही उर्वरक का उपयोग करें और केवल उतनी मात्रा में खाद डालें, जितनी जरूरत हो। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे डॉक्टर अगर जरूरत से ज्यादा या गलत दवा दे दे तो स्वास्थ्य खराब हो जाता है, वैसे ही खेत में बिना जरूरत के अधिक यूरिया और डीएपी डालने से मिट्टी का क्षरण, एसिड बढ़ना, पोषक तत्वों का असंतुलन और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है, जिसका असर हमारी फसलों, बीज, फल-सब्जियों और अंततः हमारे शरीर पर पड़ता है।

उन्होंने आगाह किया कि यदि यही असंतुलन जारी रहा तो भविष्य में धरती अन्न उत्पादन से ही इंकार कर सकती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह बड़ा संकट बन सकता है। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल जाट की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कंबोज ने सभी अतिथियों का समारोह में पहुंचने पर स्वागत किया।

## सैलजा ने कहा, सरकार निजी हाथों में सौंपना चाह रही

# हरियाणा की भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को जानकर संकट में धकेला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार की नीतियों ने सरकारी शिक्षा को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार सुनियोजित तरीके से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर उसे निजी हाथों में सौंपने का रास्ता तैयार कर रही है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में सामने आए आधिकारिक आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 5,573 वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षक पद (26.2 प्रतिशत), 8,449 प्राथमिक शिक्षक पद (14 प्रतिशत) तथा 2,413 माध्यमिक शिक्षक पद (12.2 प्रतिशत) वर्षों से रिक्त पड़े हैं। शिक्षक भर्ती में लगातार देरी का खामियाजा लाखों विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

सांसद ने कहा कि प्रदेश में 968 सरकारी प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि 22.1 प्रतिशत विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात निर्धारित मानकों से भी खराब हो चुका है। यह स्थिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) की भावना के भी विपरीत है। कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में भी सरकार पूरी तरह विफल रही है। आज भी 63 बस्तियां प्राथमिक विद्यालय, 112 बस्तियां उच्च प्राथमिक विद्यालय, 132 गांव माध्यमिक विद्यालय तथा 215 गांव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के साथ यह खुला अन्याय है। सांसद ने कहा कि सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के दावों के बावजूद 691.88 करोड़ रुपये के विकास कार्य लंबित पड़े हैं। जब विद्यालयों में शिक्षक नहीं होंगे, भवन अधूरे होंगे और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो प्रदेश के बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा?

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का पूरा ध्यान केवल प्रचार, इवेंट प्रबंधन और विज्ञापन तक सीमित रह गया है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मूलभूत विषय लगातार उपेक्षित किए जा रहे हैं। सरकार सरकारी संस्थानों को कमजोर कर निजीकरण को बढ़ावा देने की नीति पर काम करती दिखाई दे रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।


**THE VAISH CO-OPERATIVE NEW BANK LIMITED**
H.O. 7-B, Raghunath Sadan Netaji Subhash Marg, Darya Ganj, New Delhi-110002

**Balance Sheet as on 31 March 2026**

(000's omitted)

| PARTICULARS | Schedule | As on 31.03.2026 | As on 31.03.2025 |
|---|---|---|---|
| **Capital and Liabilities** | | | |
| Capital | 1 | 48,766.62 | 51,399.65 |
| Reserves and Surplus | 2 | 6,39,565.15 | 6,34,969.92 |
| Deposits | 3 | 29,75,031.55 | 29,02,292.26 |
| Borrowings | 4 | - | - |
| Other liabilities and provisions | 5 | 1,43,770.71 | 1,46,425.34 |
| **Total** | | **38,07,134.03** | **37,35,087.17** |
| **Assets** | | | |
| Cash and Balances with Reserve Bank of India | 6 | 62,592.82 | 49,600.86 |
| Balance with banks and money at call and short notice | 7 | 6,12,032.01 | 6,50,225.77 |
| Investments | 8 | 22,05,110.81 | 21,72,320.85 |
| Advances | 9 | 8,07,341.83 | 7,48,538.21 |
| Fixed Assets | 10 | 9,085.17 | 8,228.03 |
| Other Assets | 11 | 1,10,971.39 | 1,06,173.45 |
| **Total** | | **38,07,134.03** | **37,35,087.17** |
| Contingent liabilities | 12 | **74,574.98** | **67,301.80** |
| Bills for collection | | - | - |

(Mahesh Kumar Gupta) (Chairman)
(Achal Kumar Gupta) (Hony. Secretary)
(Chander Prakash Aggarwal) (Hony. Treasurer)
(Mahesh Chand Rana) (General Manager)
(Praveen Gupta) Manager
Place :- New Delhi
Date:- 25th June 2026

As per our separate report of even date attached
For APN & ASSOCIATES
Chartered Accountants
FRN:001876N
(C.A. Ajay Kumar Gupta)
Partner
M.N. 084898
UDIN: 26084898TD4QEB7190

**THE VAISH CO-OPERATIVE NEW BANK LIMITED**
H.O. 7-B, Raghunath Sadan Netaji Subhash Marg, Darya Ganj, New Delhi-110002

**Profit and Loss Account for the year ended on 31st March 2026**

(000's omitted)

| PARTICULARS | Schedule | Year ended on 31.03.2026 | Year ended on 31.03.2025 |
|---|---|---|---|
| **I Income** | | | |
| Interest earned | 13 | 2,54,887.95 | 2,58,686.34 |
| Other Income | 14 | 6,553.33 | 5,972.79 |
| **Total** | | **2,61,441.28** | **2,64,659.13** |
| **II Expenditure** | | | |
| Interest expenses | 15 | 1,43,803.38 | 1,48,504.25 |
| Operating Expenses | 16 | 97,028.56 | 98,888.47 |
| **Provisions and contingencies** | | | |
| Provision for Standard Assets | | -3,795.31 | 77.15 |
| Provision for Bad & Doubtful Debts | | 0.62 | -1,058.12 |
| Provision for Depreciation on Investments | | 7,451.55 | - |
| Provision for Income Tax | | 4,502.87 | 3,226.88 |
| Provision for Deferred Tax | | -397.90 | 2,049.90 |
| Total | | **2,48,593.77** | **2,51,688.53** |
| **III Profit /Loss** | | | |
| **Net Profit for the year** | | 12,847.51 | 12,970.60 |
| Profit Brought Forward | | 68,255.91 | 71,077.23 |
| **Total** | | **81,103.42** | **84,047.83** |
| **iv Appropriations** | | | |
| Transfer to Investment Flucuation Reserve* | | 132.00 | - |
| Transfer to Statutory Reserve* | | 3,242.65 | 5,623.58 |
| Transfer to dividend* | | 9,538.10 | 10,168.34 |
| Balance Profit Transferred to balance sheet | | 68,190.67 | 68,255.91 |
| | | **81,103.42** | **84,047.83** |

*As approved in AGM of previous year

(Mahesh Kumar Gupta) (Chairman)
(Achal Kumar Gupta) (Hony. Secretary)
(Chander Prakash Aggarwal) (Hony. Treasurer)
(Mahesh Chand Rana) (General Manager)
(Praveen Gupta) Manager
Place :- New Delhi
Date:- 25th June 2026

As per our separate report of even date attached
For APN & ASSOCIATES
Chartered Accountants
FRN:001876N
(C.A. Ajay Kumar Gupta)
Partner
M.N. 084898
UDIN: 26084898TD4QEB7190

नोटस-

सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि वे अपने के.वाई.सी. (KYC) कागजात तथा नया LOCKER AGREEMENT अपनी शाखा में शीध्र जमा करायें। KYC कागजात एवं नया LOCKER AGREEMENT जमा न करने की स्थिति में बैंक उनके खाते का संचालन (Operation) रोक (STOP) देगा।

**The Vaish Co-operative New Bank Limited**

Website: www.vcnb.bank.in | Ph.: 011- 41181370, 41181371

Total Deposits - 29750.32 Lakhs
Advances - 8073.42 Lakhs
Profits - 128.48 Lakhs

Two Wheeler @10% & Car Loan@8.50%

RATE OF INTEREST - @ 9%
Our Business Loan C.C. O.D.
on Property for Rs. 4.50 Crore & above

To individual upto Rs.11.60 Crore To Group of Borrowers upto Rs.19.34 Crore

APN & ASSOCIATES
CHARTERED ACCOUNTANTS
4232/1, Ansari Road, Daryaganj, New Delhi - 110002
Tel.: 011-23261100, 43518988,
E-mail: apn_associates@yahoo.in

**INDEPENDENT AUDITOR'S REPORT**

The Members,
The Vaish Cooperative New Bank Limited,
Netaji Subhash Marg, Daryaganj,
New Delhi - 110002.

**I. Report on the Audit of the Financial Statements**

**1. Opinion**

A. We have audited the enclosed Financial Statements of The Vaish Cooperative New Bank Limited ("the Bank"), having its' Head Office at 7-B."Raghunath Sadan", Netaji Subhash Marg. Darya Ganj, New Delhi 110002, including 11 branches in Delhi, which comprise of the Balance Sheet as at March 31, 2026, Profit and Loss Account and a summary of the significant accounting policies and notes to the accounts (hereinafter referred to as "the Financial Statements") for the year ended March 31, 2026.

B. In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to Co-operative Bank) ("the Act' in the manner so required and give a true and fair view in conformity with the Accounting Standards and other accounting principles generally accepted in India, of the state of affairs of the Bank as at March 31, 2026 and the profit for the year ended March 31, 2026.

**2. Basis for Opinion**

We conducted our audit of the Financial Statements in accordance with the Standards on Auditing (SAs). Our responsibilities under those Standards are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the Code of Ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) together with the independence requirements that are relevant to our audit of the financial statements under the provisions of the Act and the Rules made thereunder, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the ICAI's Code of Ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion on the Financial Statements.

**3. Management's Responsibility for the Financial Statements**

A. The Bank's Management is responsible for the preparation of these Financial Statements In accordance with the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to Co-operative Bank), that give a true and fair view of the financial position and financial performance of the Bank in accordance with the accounting standards and other accounting principles generally accepted in India. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls, that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

B. In preparing the Financial Statements, management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so.

The Board of Directors are responsible for overseeing the Bank's financial reporting process.

**4. Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements**

A. Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the Financial Statements as a whole are free from material misstatement, whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these Financial Statements.

B. As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:

i) Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks, and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.

ii) Obtain an understanding of internal financial controls relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances, but not for the purpose of expressing an opinion on the adequacy of internal financial controls system in place and the operating effectiveness of such controls.

iii) Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.

iv) Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and, based on the audit evidence obtained, whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the Bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the Financial Statements or, if such disclosures are inadequate, to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the Bank to cease to continue as a going concern

v) Evaluate the overall presentation, structure and content of the Financial Statements, including the disclosures, and whether the Financial Statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

C. Materiality is the magnitude of misstatements in the Financial Statements that, individually or in aggregate, makes it probable that the economic decisions of a reasonably knowledgeable user of the Financial Statements may be influenced. We consider quantitative materiality and qualitative factors in (i) planning the scope of our audit work and in evaluating the results of our work; and (ii) to evaluate the effect of any identified misstatements in the Financial Statements.

D. We communicate with those charged with governance regarding, among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

E. We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence and where applicable, related safeguards.

**II. Report on Other Legal and Regulatory Requirements**

The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in terms of the provisions of Section 29 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to Co-operative societies).

Subject to the limitations of the audit indicated in paragraphs above we report that:

a. We have obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purposes of our audit and have found them to be satisfactory.

b. The transactions of the bank, which have come to our notice have been within the powers of bank.

For APN & Associates
Chartered Accountants
FRN: 001876N

CA Ajay Kumar Gupta
Partner
M. No.: 084898

Dated: 25th June, 2026
Place: New Delhi
UDIN: 26084898TD4QEB7190

# भारत फिर बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार, अब ताइवान-कोरिया पीछे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी भारी उथल-पुथल और मंदी के माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर दुनिया भर में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। भारतीय शेयर बाजार का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 5,000 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने ताइवान और साउथ कोरिया को पीछे छोड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बनने का मुकाम फिर हासिल कर लिया है। भारत के शेयर बाजार का कुल मार्केट कैप अब 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर दुनिया के पांचवें सबसे बड़े इक्विटी मार्केट की जगह हासिल कर ली है। ताइवान का मार्केट कैप इस समय 4.97 ट्रिलियन डॉलर और साउथ कोरिया का 4.66 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं अमेरिका और चीन के मार्केट कैप में इस दौरान ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया।

## भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

### ताइवान और साउथ कोरिया क्यों पिछड़े?

पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में तेज तेजी आई थी। इसके बाद ताइवान और साउथ कोरिया के बाजार में निवेशकों ने मुनाफा वसूला, जिससे वहां बाजार की वैल्यू में गिरावट आई। इसी वजह से दोनों देशों की रैंकिंग नीचे आ गई और भारत फिर पांचवें स्थान पर पहुंच गया।



### जून में भारत ने दुनिया के कई बाजारों को छोड़ा पीछे

जून के दौरान भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैप 2.75 फीसदी बढ़ा। वहीं साउथ कोरिया में 4.7 फीसदी और ताइवान में 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा जापान का मार्केट कैप करीब 1 फीसदी, हांगकांग 8.3 फीसदी से ज्यादा, कनाडा 3 फीसदी, ब्रिटेन करीब 2 फीसदी, फ्रांस 1.1 फीसदी और जर्मनी 5.6 फीसदी गिर गया। यानी इस महीने भारत का बाजार दुनिया के कई बड़े बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा।

### भारतीय बाजार क्यों बना रहा मजबूत?

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, शेयरों की बेहतर वैल्यू और विदेशी निवेशकों की लगातार दिलचस्पी ने भारतीय बाजार को मजबूती दी है। इसके साथ ही निफ्टी का प्राइस टू अर्निंग यानी पी/ई रेशियो भी पहले करीब 24 था, जो अब घटकर करीब 18 पर आ गया है।

## रुपया 14 पैसे कमजोर होकर 94.65 प्रति डॉलर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 14 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मासान्त अंत की आयातकों और कंपनियों की डॉलर मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है और वैश्विक बाजार में जोखिम न लेने की निवेशकों की प्रवृत्ति के कारण रुपये में गिरावट आई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.60 प्रति डॉलर पर खुला और अंत में 94.65 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव की तुलना में 14 पैसे कम है।

### जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी

# सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार को एक महीने बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी। जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी। इसके बाद सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 तय की थी।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी है।'' मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया।

### एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज

*इन अनुरोधों में कहा गया था कि जीएसटीएटी मंच पर अत्यधिक दबाव के कारण अपील दाखिल करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में ही 30,000 अपीलें दाखिल की गईं, जबकि एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज की गईं।*

### करदाता अंतिम समय तक इंतजार न करें

*मंत्रालय ने करदाताओं को सलाह दी कि वे अंतिम समय तक इंतजार न करें और समय रहते अपनी अपील दाखिल कर दें। सरकार अब तक जीएसटीएटी की 31 राज्य पीठों और दिल्ली स्थित एक प्रधान पीठ को अधिसूचित कर चुकी है।*

## अपील दायर करने की अंतिम तिथि एक महीने बढ़ाई

- *अपील दायर करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तय की थी*
- *हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया*




### प्राधिकरण के पास 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित

*फिलहाल अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और इन सभी के जीएसटीएटी में आने की उम्मीद है। सरकार ने मई 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी की प्रधान पीठ का अध्यक्ष नियुक्त किया था।*

### व्यवस्था में सुचारू बदलाव सुनिश्चित होगा

*केपीएमजी में अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, '' समयसीमा बढ़ने से करदाताओं और पेशेवरों को नए जीएसटीएटी तंत्र के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे वास्तविक अपीलें समयसीमा के कारण खारिज होने से बचेंगी और जीएसटीएटी व्यवस्था में सुचारु बदलाव सुनिश्चित होगा।''*

### मामलों के समाधान में देरी होती थी

*एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद करदाताओं और जीएसटी विभाग के बीच सभी विवादों का निपटारा उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में होता था, जिससे मामलों के समाधान में देरी होती थी। सितंबर 2025 में जीएसटीएटी का संचालन शुरू होने के बाद विवादों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद बनी है।*

### सरकार का यह फैसला व्यवहारिक

*एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध साझेदार रजत मोहन ने कहा कि सरकार का यह फैसला व्यावहारिक है और जीएसटीएटी के पूर्ण रूप से कामकाज शुरू होने तक करदाताओं के अपील करने के अधिकार की रक्षा करता है। उन्होंने कहा, ''अतिरिक्त समय से काफी राहत मिलेगी, लेकिन करदाताओं को अंतिम तिथि तक इंतजार नहीं करना चाहिए।''*

## कोल इंडिया शोध व विकास पर 1900 करोड़ रुपये करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) खदानों की उत्पादकता बढ़ाने और उत्सर्जन घटाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2029-30 तक शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों पर करीब 1,900 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि इस पहल के तहत वह स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और बदलते ऊर्जा परिदृश्य के अनुरूप वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों की भी तलाश करेगी। बीएसई को दी सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कोयला एवं ऊर्जा अनुसंधान केंद्र की स्थापना के साथ उसकी आरएंडडी गतिविधियों को गति मिली है।

## जेएफई स्टील ने जेएसडब्ल्यू जेएफई में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएफई स्टील कॉरपोरेशन ने 7,875 करोड़ रुपये में जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में 25 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीद ली है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह सौदा पूरी तरह संपन्न हो गया है। इसके साथ ही जेएफई की जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि 30 मार्च, 2026 को उसने जानकारी दी थी कि जेएफई स्टील ने जेएफई कलिंगा स्टील लिमिटेड में निवेश के पहले चरण के तहत 7,875 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

# सरकार ने दो साधारण बीमा लाइसेंस स्वीकृत किए : इरडा




*सरकार के 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति के बाद दिया लाइसेंस*

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन अजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दिए जाने के बाद साधारण बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्व से जुड़े दो प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

यहां जीवन बीमा परिषद की बीमा जागरूकता समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित बीमा सुगम मंच को सितंबर के अंत तक शुरू कर दिया जाएगा। सेठ ने प्रस्तावों का विवरण साझा किए बगैर कहा कि एफडीआई के प्रस्तावों में से एक को सोमवार को मंजूरी दी गई। सेठ ने कहा कि साधारण बीमा क्षेत्र में बेहतर कारोबारी संभावनाओं के कारण विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी है। इसके साथ ही जीवन बीमा क्षेत्र में भी विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी दिखाई दे रही है। हाल ही में एक विदेशी कंपनी ने भारत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के साथ कारोबार शुरू करने की इच्छा जताई है।

### विदेशी निवेशक भी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहत है

*इरडा के चेयरमैन ने बताया कि भारत की स्थानीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम चला रहे कुछ मौजूदा विदेशी निवेशक भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे एक प्रस्ताव को मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि एक अन्य प्रस्ताव अभी इरडा के पास विचाराधीन है।*

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

*ब्याज दरों में लगातार नौवीं तिमाही में कोई बदलाव नहीं*

# लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में फिर कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (एनएससी) जैसी विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। एक जुलाई, 2026 से शुरू होने वाली चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए दरों को यथावत रखा गया है। यह लगातार नौवीं तिमाही है जब इन दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, /"वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वही रहेंगी, जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अधिसूचित की गई थीं। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता रहेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है।



## सरकार ने पेट्रोरसायन आयात पर शुल्क छूट 15 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति की निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 40 महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर शून्य सीमा शुल्क छूट की अवधि 15 दिन बढ़ाकर 15 जुलाई तक कर दी है। सरकार ने दो अप्रैल को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट दी थी। यह अस्थायी और लक्षित राहत 30 जून को समाप्त होने वाली थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो अप्रैल को दी गई छूट का मकसद घरेलू बाजार में पेट्रोरसायन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था, क्योंकि भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों से इस दौरान एलपीजी के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था। स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव को सुचारू और बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित करने के मकसद से इस छूट को 15 दिन की और अवधि के लिए, यानी 15 जुलाई, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आयात शुल्क में यह छूट मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यूनि, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन में दी गई है। मंत्रालय ने कहा, ''सरकार भारत के विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।''

# प्रिज्म ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




आतिथ्य क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी प्रिज्म ने 6,650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष संशोधित मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। यह आईपीओ पूरी तरह नए शेयर के निर्गम पर आधारित होगा और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई प्रावधान नहीं है। प्रिज्म, आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े ऑनलाइन मंच ओयो की मूल कंपनी है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में बिक्री पेशकश का कोई प्रावधान नहीं होने का मतलब है कि सॉफ्टबैंक की एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स, संस्थापक रितेश अग्रवाल, आरए हॉस्पिटैलिटी होल्डिंग्स, माइक्रोसॉफ्ट, एयरबीएनबी, खजानाह, लाइटस्पीड, ग्रीनओक्स कैपिटल और पीक एक्सवी सहित मौजूदा शेयरधारक आईपीओ के जरिये अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचेंगे।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं गैस तथा चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के बीच अमेरिका-ईरान के बीच दोहा में होने वाली वार्ता के अगले दौर को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 249.70 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 76,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 398.98 अंक यानी 0.51 प्रतिशत टूटकर 76,329.39 अंक तक आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 80.50 अंक यानी 0.34 प्रतिशत फिसलकर 23,865.75 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ताजा बिकवाली तथा प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में कमजोरी से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे।

# सोना 800 रुपये हुआ सस्ता चांदी 6,000 महंगी हुई

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में कम मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। हालांकि, चांदी में जोरदार वापसी हुई और लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूट गया। इसकी कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी में कम कीमत पर लिवाली देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,021.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 58.81 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## विझिंजम बंदरगाह में 49% हिस्सेदारी खरीदेगी अदाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) और मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (एमएससी) समूह की टर्मिनल इकाई टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) ने मंगलवार को एक पक्के समझौते की घोषणा की। इसके तहत टीआईएल अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। इस सौदे का कुल मूल्य 1.4 अरब डॉलर है। मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (एमएससी) यह हिस्सेदारी अपनी अनुषंगी कंपनी टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) के माध्यम से खरीदेगी। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्विनी गुप्ता ने कहा, '' विझिंजम बंदरगाह एक प्रमुख 'ट्रांसशिपमेंट केंद्र' के रूप में उभरा है और अभूतपूर्व गति से विकसित हुआ है। संचालन शुरू होने के केवल 18 महीने के भीतर 20 लाख टीईयू का माल संभालने वाला यह भारत का पहला बंदरगाह बन गया है।''

## शब्द पहेली - 6273



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

**शब्द पहेली -6272 का हल**





## खबर संक्षेप



### पीएसए चैलेंजरः क्वार्टर फाइनल में शमीना, सेमवाल

**मुंबई।** भारत की शमीना रियाज और ओम सेमवाल ने एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शमीना ने दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष वरीय हेली वार्ड जबकि सेमवाल ने ब्राजील के तीसरे वरीय डिएगो गोबी को हराया। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली शमीना ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हेली को 8-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीय अकारी मिडोरिकावा से होगा। बाइस साल के सेमवाल ने डिएगो को 6-11, 11-6, 11-9, 9-11, 11-9 से हराकर मिस्र के आठवें वरीय जियाद इब्राहिम के साथ मुकाबला तय किया। इब्राहिम ने भारत के पांचवें वरीय सूरज कुमार चंद को सीधे गेम में 11-4, 11-6, 11-5 से हराया। तन्वी खन्ना ने पूजा आरती रघु को सीधे गम में 11-5, 11-6, 11-6 से हराया।

### आज से जागरेब रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट



**जागरेब।** विश्व चैंपियन डी गुकेश 1 जुलाई से शुरू हो रहे जागरेब रेपिड एंव ब्लिट्ज टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों का सामना करेंगे। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है जो शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने का सबसे बड़ा मंच है। ग्रैंड शतरंज टूर के तहत इस साल की यह तीसरी प्रतियोगिता होगी और इसके बाद तीन और प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में रेपिड शतरंज के नौ दौर जबकि ब्लिट्ज शतरंज के 18 दौर खेले जाएंगे। रेपिड में हर जीत के लिए दो अंक और ड्रॉ के लिए एक अंक मिलेगा जबकि ब्लिट्ज में जीत के लिए एक अंक और ड्रॉ के लिए आधा अंक दिया जाएगा।

### पंड्या ने बनाया सीओई को स्थायी ट्रेनिंग सेंटर



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अपने करियर के बाकी समय के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को अपना स्थायी ट्रेनिंग केंद्र बनाने के मकसद से बेंगलुरु में रहने का फैसला किया है और वह ऐसा करने वाले भारत के पहले प्रमुख मौजूदा क्रिकेटर बन गए हैं। पंड्या का यह कदम इसलिए सभी का ध्यान खींच रहा है क्योंकि भारत के केंद्रीय अनुंधित खिलाड़ी आम तौर पर चोट से उबरने (रिहैबिलिटेशन), फिटनेस परीक्षण या राष्ट्रीय शिविर के लिए ही सीओई जाते हैं।

# सबसे बड़ा उलटफेर, पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को किया बाहर

एजेंसी ▸▸| फॉक्सबोरो

जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ़ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था। पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज़ ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'





### हम एकजुट हैं : कैनाले

कैनाले ने कहा, 'हमें कम करके आंका गया लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। हम एक और मैच खेलने के हकदार थे। हमारी टीम की खासियत यह है कि हम एकजुट हैं। हम आज के मैच में अपनी असली ताकत दिखाने के लिए प्रतिबद्ध थे।'

### पराग्वे ने 24 साल बाद लिया बदला

जर्मनी ने 2002 में अंतिम 16 के उस मैच में पराग्वे को 1-0 से हराया था। पराग्वे ने इस तरह से 24 साल बाद उसका बदला चुकता कर दिया। पराग्वे इससे पहले पांच बार विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में हिस्सा ले चुका था, लेकिन एक भी गोल करने में असफल रहा था। इनमें से वह केवल एक बार ही आगे बढ़ पाया था, जब उसने विश्व कप 2010 में अंतिम 16 में जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराया था।

### पराग्वे ने जर्मनी को हराकर किया हैरान

फीफा रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद पराग्वे की जीत पर बहुत कम सट्टा लगा था लेकिन उसने 12वें स्थान पर काबिज जर्मनी को हराकर दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों को हैरान कर दिया। पराग्वे की टीम अब शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में मंगलवार को फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

## नॉकआउट में तीसरी बार हारा जापान

*ह्यूस्टन। जापान को पहले भी विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में हार से दिल टूटने का अनुभव है और हर बार की तरह इस बार भी उसने अगली बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जापान को पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद पांच बार के चैंपियन ब्राजील से इंजरी टाइम के गोल के कारण 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम एक बार फिर से आखिर तक डटी रही, लेकिन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यह लगातार तीसरी बार है जब जापान नॉकआउट राउंड में बढ़त बनाने के बावजूद हार गया। जापान इससे पहले चार अवसरों पर नॉकआउट में जीत हासिल नहीं कर पाया लेकिन उसके कोच हाजिमे मोरियासु ने अगले विश्व कप में इससे बेहतर प्रदर्शन करने को अपना लक्ष्य बनाया है। 'चार साल पहले जापान ने शुरुआती बढ़त बनाई थी लेकिन आखिर में राउंड ऑफ़ 16 में क्रोएशिया से पेनल्टी शूटआउट में हार गया था। यही नहीं 2018 में भी अंतिम 16 में उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा था जब वह दूसरे हाफ में बेल्जियम से 2-0 से आगे था लेकिन स्टॉपेज टाइम के गोल के कारण 3-2 से हार गया था।*

## शूटआउट में मोरक्को का जलवा
### नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में एंट्री


डियोप बने संकटमोचक सैबारी ने दिलाई जीत

एजेंसी ▸▸| ग्वाडालूप

इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा, जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।

इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्ब्रुगेन के दूसरी ओर गोता लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर दिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्ब्रुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा।

## जीत के बाद बेकाबू हुए मोरक्को के फैंस



एजेंसी ▸▸| द हेग

मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फुटबॉल विश्व कप से बाहर कर दिया, जिसके बाद द हेग में फुटबॉल प्रशंसकों की पुलिस से झड़प हुई जबकि कासाब्लांका में जश्न मनाया गया। नीदरलैंड में मोरक्को के लोगों की काफी बड़ी आबादी है और जीत के बाद मोरक्को फुटबॉल टीम के प्रशंसक जश्न के मूड में थे लेकिन इस दौरान छिटपुट झड़पें भी हुईं। द हेग में पुलिस ने बताया कि शिल्डर्सविज्क हलाके में जबरदस्त आतिशबाजी की गई और पुलिसकर्मियों पर पटाखे और पत्थर फेंके गए। दंगा रोधी दस्ते ने भीड़ पर धावा बोला और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की तेज बौछार का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा, 'हिंसा करने के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'




# इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर भारत की नजर

एजेंसी ▸▸| चेस्टर ली स्ट्रीट

वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकती है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है।

इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और 1 तथा 12 रन पर आउट हो गए। इसलिए प्रबंधन सूर्यवंशी को शामिल करने के लिए उन्हें भी बाहर कर सकता है लेकिन वे इस बात पर विचार करेंगे कि ऐसे कदम का बाहर किए गए बल्लेबाज़ के मनोबल पर क्या असर पड़ सकता है।



### सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को मौका

आयरलैंड के खिलाफ सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को पदार्पण का मौका दिया, जिससे सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। हालांकि सिर्फ सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने से भारत की बल्लेबाजी की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो जाएगा क्योंकि इन समस्याओं के कई पहलू हैं। तेज गेंदबाजों की अनुकूल बेलफास्ट की पिच पर कोई भी भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिख रहा था।

### टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, सूर्यांश शेडगे, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी।

**मैच का समय :** भारतीय समयानुसार रात 10 बजे से

# जोकोविच ने की अभियान की रोमांचक शुरुआत, यिबिंग वू को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| लंदन

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, लेकिन वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं।

### दूसरे सेट की शुरुआत में निर्णायक मोड़

दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक को भुना लेते, तो वह आसानी से नियंत्रित और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।



### जोकोविच ने तीसरा सेट अपने नाम किया

जोकोविच ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने नाम किया और फिर चौथे सेट में अहम मौकों पर पूरी तरह नियंत्रण बनाकर विंबलडन के पहले दौर में अपना रिकॉर्ड 21-0 कर लिया। उन्होंने चौथे सेट में छह ब्रेक प्वाइंट बचाए, जिनमें 2-3 के स्कोर पर 0/40 से जुड़े तीन मौके भी शामिल थे। आखिरकार उन्होंने तीन घंटे और 11 मिनट में जीत हासिल की।

### वू ने मुझ पर काफी दबाव बनाया : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, वू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत बड़ी सराहना मिलनी चाहिए। उन्होंने मुझ पर काफी दबाव बनाया। शायद मुझे चौथा सेट हार जाना चाहिए था। ऐसे मैच कुछ ही पॉइंट्स से तय होते हैं। सौभाग्य से मेरे पास 20 साल का अनुभव है जिससे मैं ऐसी परिस्थितियों को संभाल पाता हूं।

### जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगी स्पर्धा
# एशियन गेम्स : टीम इंडिया का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा।

महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है।

### भारत ने 2023 में जीता था स्वर्ण पदक

भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारुप में खेली जाती है।



### यास्तिका बाहर कमलिनी को मौका

स्मृति मंधाना टीम की उप कप्तान बनी रहेंगी। विश्व कप के लिए टीम में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया बाहर होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी जगह कमलिनी को टीम में शामिल किया गया है। विश्व कप के बीच में टखने की चोट के कारण बाहर होने वाली श्रेयंका पाटिल को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। वह तय समय तक फिट होने पर ही अंतिम टीम में जगह बनाएंगी।

### टीम इंडिया 2028 में ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई

भारतीय टीम ने ग्रुप चरण से बाहर होने के बावजूद इस प्रतियोगिता में एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम**
हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्रीचरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

# आईसीसी रैंकिंग : टी20 में श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर-1 बॉलर, बेल-एक्लेस्टोन की स्थिति मजबूत

एजेंसी ▸▸| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर 1 टी20 अंरराष्ट्रीय गेंदबाज बनी हुई हैं। हालांकि, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन बेल ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टॉप पर पहुंचने की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

श्रीचरणी ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में 14 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट से अभियान समाप्त हो गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में खेल रही हैं। ऐसे में श्री चरणी की बढ़त पर खतरा बना हुआ है।

### एक्लेस्टोन पहुंचीं तीसरे नंबर पर

एक्लेस्टोन टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इंग्लैंड की ही तेज गेंदबाज बेल ने और भी बड़ी छलांग लगाई और तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर आ गई हैं। साउथ अफ्रीकी स्पिनर नोंगकुलुलेको म्लाबा को एक स्थान का फायदा मिला है। अब वह पांचवें पायदान पर हैं, जबकि पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गईं।

### बल्लेबाजी में शीर्ष पर जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद इस फॉर्मेट की नंबर-1 बल्लेबाज बनी हुई हैं। साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, जबकि श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू ग्रुप स्टेज के दौरान आयरलैंड के खिलाफ नाबाद शतक लगाने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गईं।

### इंग्लैंड की डैनी 11वीं पायदान पर

इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट-हॉज ने पांच स्थान की छलांग लगाकर 11वां पायदान हासिल कर लिया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिस पेरी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर, साउथ अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन चार स्थान ऊपर चढ़कर 24वें नंबर पर और स्कॉटलैंड की डार्सी कार्टर 13 स्थान ऊपर चढ़कर 42वें नंबर पर पहुंच गईं।

### यूएन में आतंकवाद रोधी सप्ताह के दौरान हुए एक कार्यक्रम में बोले भारत के वरिष्ठ राजदूत

# आतंकवादियों को पालने-पोसने वालों का एफएटीएफ से खौफ खाना स्वाभाविक: पर्वतनेनी हरीश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया में आतंकवाद के सबसे बड़े समर्थक पाकिस्तान को एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जैसे वैश्विक मंच पर जमकर खरी-खोटी सुनाई है।




ताजा मामला बीते सोमवार देर रात यूएन में 2026-आतंकवाद रोधी सप्ताह से जुड़ा हुआ है। जिसमें भारत के वरिष्ठ राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बेहद कड़े अंदाज में कहा कि जो लोग आतंकवादियों और उनसे जुड़े हुए संगठनों को बढ़ावा देते हैं यानी एक प्रकार से उनके सरपरस्त हैं। उनका वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की जांच से डरना कोई नई बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संस्था की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाना उनके द्वारा एक प्रकार से अपनी स्वयं की जवाबदेही से बचने का कुटिल प्रयास है। हरीश ने यह टिप्पणी हालांकि पाकिस्तान का नाम सहित उल्लेख किए बिना की है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद का दुनिया में निर्यात करने वाले देशों को वैश्विक संस्थाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाने से पहले अपनी खामियों को दूर करना चाहिए। यहां बता दें कि इस कार्यक्रम का विषय 'ज्वाइनिंग फोर्सेज टू काउंटर टेररिज्म फाइनेंसिंग इन द कॉन्टेक्स्ट ऑफ इंवाल्विंग थ्रेट्स एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी' था। जिसे भारत की तरफ से यूएन में स्थायी प्रतिनिधि और वरिष्ठ राजदूत पी. हरीश संबोधित कर रहे थे।

## एफएटीएफ बैठक में पाक को घेरेगा भारत

बताते चलें कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल को हाल ही में जुलाई 2026 से जून 2027 तक एफएटीएफ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय अधिकारी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। जिसके बाद अब भारत इस साल अक्टूबर महीने में होने वाली एफएटीएफ की एक महत्वपूर्ण बैठक में आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान की संलिप्तता को लेकर ठोस सबूत पेश कर सकता है। अभी फिलहाल इस संबंध में जरूरी तैयारी चल रही है। जिसके पीछे नई दिल्ली की कोशिश पड़ोसी दुश्मन देश को एक बार से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की है। जिसके बाद आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद के जरिए बढ़ावा देने की उसकी तमाम नापाक गतिविधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। इसके अलावा भारत ने कई बार वैश्विक मंचों पर इस तथ्य पर जोर दिया है कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। ज्ञात हो कि पाकिस्तान वर्ष 2018 से 2022 तक एफएटीएफ की ग्रे सूची में शामिल रहा है। उसे 2022 में इससे बाहर किया गया है।

## संस्था पर शक करने का कोई औचित्य नहीं

हरीश ने ये भी कहा कि एफएटीएफ का मूल कार्य दुनियाभर में आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन के मामलों पर पूरी तरह से रोक लगाने का है। जिसे लेकर वह बेहद बारीकी के साथ तमाम जरूरी मानकों और व्यापक प्रक्रिया का पालन कर आगे बढ़ रही है। ऐसे में जो देश या लोग इस वैश्विक व्यवस्था और इसकी कार्यप्रणाली की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। उन्हें संस्था से नहीं बल्कि इसके द्वारा की जाने वाली जांच के दायरे में आने का भय अधिक जान पड़ता है। ऐसे में जिनका मूल्यांकन सकारात्मक नहीं रहा है। उन्हें आतंकवाद से जुड़ी हुई तमाम नकारात्मक गतिविधियों जैसे आतंकी संगठनों के वित्त पोषण पर रोक लगाने, आतंकी ढांचों को नष्ट करने, घरेलू कानूनों को सख्ती से लागू करने, आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल न होने देने जैसे मसलों पर पूर्ण विराम लगाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### दशकों से आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा भारत

उन्होंने कहा कि भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित रहा है। वर्तमान समय में आतंकी संगठन केवल एक तकनीक पर निर्भर नहीं हैं। बल्कि वह इससे जुड़ी हुई हर प्रकार की तकनीकों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इंटरनेट के इस्तेमाल के जरिए क्राउडफंडिंग, संपत्ति जुटाने, क्रिप्टोकरेंसी जैसे भुगतान माध्यमों का प्रयोग कर आगे बढ़ रहे हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद रोधी समिति की अध्यक्षता के दौरान उक्त मामले पर कुछ जरूरी कदम उठाए थे।

---

**खबर संक्षेप**

### जस्टिस एस मुरलीधर की दुनियाभर में हो रही चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर इन दिनों अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में गाजा संकट पर एक बेहद सख्त और निष्पक्ष 100 पन्नों की रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में उन्होंने गाजा में जारी इजराइली सैन्य कार्रवाई, हमलों की रणनीति और हजारों फिलिस्तीनी बच्चों की मौत को लेकर इजराइल पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर अपनी बेबाक और मानवाधिकार समर्थक न्यायिक सोच के लिए जाने जाते हैं। वे दिल्ली, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश और ओडिशा हाई कोर्ट के 32वें मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। उनकी इस साहसी रिपोर्ट की वैश्विक स्तर पर जमकर सराहना हो रही है। जस्टिस मुरलीधर की पहचान सिर्फ जज के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे न्यायविद के तौर पर रही है संवेदनशील मामलों में भी बिना दबाव फैसले दिए। उन्हें अंतरात्मा वाले जज के रूप में देखा जाता है।

### राष्ट्रपति पेजेशकियन का दो टूक संदेश: राष्ट्र पहले



**तेहरान।** राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर कहा है कि ईरान अपने लोगों के अधिकारों और राष्ट्रीय हितों से किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ बातचीत शासन की सामान्य नीतियों के ढांचे में ही सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि तेहरान ने अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान लगाए गए दुश्मनों के थोपे गए किसी भी मांग को न तो स्वीकार किया है और न ही करेगा। बैठक के दौरान पेजेशकियन ने कहा कि सरकार ने बातचीत के सभी चरणों में सम्मान और मजबूती की स्थिति से ईरानी जनता के अधिकारों को सुरक्षित रखने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा, बातचीत के सभी चरण शासन की सामान्य नीतियों के ढांचे के भीतर हुए, सर्वोच्च नेता (मोजतबा खामेनेई) के साथ पूर्ण और निरंतर समन्वय में, और देश की कानूनी व्यवस्थाओं के दायरे में रहे। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि सुरक्षा संबंधी विचारों के बावजूद, समझौता समीक्षाधीन है।

---

### ग्रीस में शुरू हुई भारत की यूपीआई सेवा

# बड़ी पहल:दुनिया के 10 देशों में बेधड़क डिजिटल भुगतान कर सकेंगे भारतीय

### लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी शुरू हो गया है, जिससे योग्य ग्राहक अब तुरंत, सुरक्षित और आसान तरीके से पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके साथ ही, लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में यूपीआई को मिल रही स्वीकृति और सराहना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तकनीक-आधारित समाधानों की सोच पर दुनिया भरोसा कर रही है। उन्होंने कहा कि ये समाधान सीमाओं से परे जाकर मूल्य सृजित कर रहे हैं और साझा विकास व समृद्धि के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं। ग्रीस दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने यूरोबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोकियन करावियास से मुलाकात की और भारत-ग्रीस आर्थिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गोयल ने कहा, हमने ग्रीक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रीस में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तथा बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इस तरह भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी लाइव हो गया है। ग्रीस इस डिजिटल पेमेंट नेटवर्क से जुड़ने वाला नया देश बन गया है।




पीयूष गोयल की मौजूदगी में लाइव डेमो हुआ

### ग्रीस से पहले कंबोडिया में शुरू हुआ था यूपीआई

ग्रीस से ठीक पहले कंबोडिया इस लिस्ट में शामिल होने वाला 9वां देश बना था। इसके लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने वहां के बैंक के साथ पार्टनरशिप की थी। इससे पहले सिंगापुर, यूएई, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर और श्रीलंका को उन आठ देशों के रूप में लिस्ट किया था, जहां यूपीआई को स्वीकार किया जा रहा है। यूरोप में यूपीआई के विस्तार में फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। साल 2024 में पेरिस के एफिल टॉवर से यूपीआई को लॉन्च किया गया था। इसके बाद इस सर्विस का विस्तार वहां के बड़े रिटेल डेस्टिनेशंस जैसे नीस में स्थित गैलरीज लाफायेट तक किया गया।

### यूपीआई की वैश्विक स्वीकार्यता

एथेंस में यूरोबैंक के हेडक्वार्टर में यूरोबैंक और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड की पार्टनरशिप से शुरू हुई इस सर्विस का लाइव डेमो भी देखा गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एथेंस की अपनी ऑफिशियल विजिट के दौरान इस सर्विस के लाइव डेमो को देखा। उन्होंने कहा कि यूपीआई को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता से यह साबित होता है कि भारत की टेक्नोलॉजी पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। यह तकनीक सीमाओं के पार भी बेहतरीन तरीके से काम कर सकती है। ग्रीस के इस नेटवर्क में शामिल होने के बाद अब दुनिया के 10 देशों में अलग-अलग रूपों में यूपीआई का इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह भारतीय यात्रियों के लिए क्यूआर-कोड आधारित मर्चेंट पेमेंट से लेकर क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस सर्विसेज (पैसे ट्रांसफर करने) तक की सुविधा देता है।

### यूपीआई सेवा का लाइव प्रदर्शन भी देखा

*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एथेंस स्थित यूरोबैंक मुख्यालय में यूरोबैंक और एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) की साझेदारी के तहत यूपीआई सेवा का लाइव प्रदर्शन भी देखा। इस दौरान यूरोबैंक के सीईओ फोकियन करावियास और फेयरफैक्स डिजिटल सर्विसेज के सीईओ संजय तुगनैत भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि यह भारत के डिजिटल भुगतान सिस्टम के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे पहले पीयूष गोयल ने ग्रीस के उप विदेश मंत्री हैरी थियोहारिस के साथ भारत-ग्रीस बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल भारतीय समुदाय (डायस्पोरा) के सदस्यों से भी मुलाकात की। पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, स्थिर मैक्रोइकोनॉमिक स्थिति और लगातार हो रही आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ग्रीस के लिए निवेश और व्यापार के बड़े अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए अवसर खोल सकता है। केंद्रीय मंत्री ने दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने ग्रीस के उद्योगपतियों और निवेशकों से भारत के साथ सह-निर्माण (को-मैन्युफैक्चरिंग), सह-निवेश (को-इन्वेस्टमेंट) और साझेदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच निवेश, व्यापारिक संबंध और साझा समृद्धि को नई गति मिलेगी।*

---

### खुफिया एजेंसियों का बड़ा खुलासा

## अमरनाथ यात्रा में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा पाकिस्तान?

### 3 जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा



एआई इमेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी अमरनाथ यात्रा को लेकर भारतीय खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बिगड़ते हालात से ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकती है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है।

खुफिया अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान के लिए इस समय पीओके, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की स्थिति बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासकर पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों ने इस्लामाबाद की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अधिकारियों का दावा है कि हाल ही में अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किया गया हवाई हमला भी अंदरूनी दबाव से ध्यान भटकाने की कोशिश का हिस्सा था। इस हवाई हमले में 35 लोगों की मौत हुई। भारतीय एजेंसियों के मुताबिक, इंटरसेप्ट किए गए कुछ इनपुट से संकेत मिले हैं कि पाकिस्तान भारत में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। इसके लिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई जम्मू-कश्मीर के जंगलों में छिपे कुछ आतंकियों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रही है। एजेंसियों का मानना है कि इन्हीं आतंकियों के जरिए अमरनाथ यात्रा के दौरान आतंकी हमले की साजिश रची जा सकती है। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान, इन आतंकियों को पहलगाम जैसा बड़ा हमले करने के निर्देश देने की कोशिश कर रहा है। एक खुफिया अधिकारी के अनुसार, आईएसआई पिछले कुछ समय से पंजाब और जम्मू-कश्मीर में अपने मॉड्यूल को फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रही है। अधिकारी का दावा है कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत में जल्द कोई बड़ी आतंकी घटना हो, ताकि पीओके और अन्य क्षेत्रों में बगावत के हालात से लोगों का ध्यान हटाया जा सके।

#### अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस ने पूरे मार्ग पर आतंकवाद रोधी तंत्र को और मजबूत किया है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे और अत्याधुनिक डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सके।

---

### राजधानी में मंगलवार को हुए 'ह्यूमन मोबिलिटी पार्टनरशिप फोरम' को संबोधित करते हुए बोले डॉ. जयशंकर

# वैध प्रवासन के पक्ष में मजबूती से खड़ा भारत, अब तक 26 देशों संग किए समझौते

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते वक्त में अमेरिका से बड़ी तादाद में भारत वापस भेजे गए अवैध प्रवासियों के मामले के मीडिया की सुर्खियों में छाए रहने के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उन्होंने एक बार फिर से यह साफ कर दिया है कि भारत पूरी दृढ़ता के साथ कानूनी प्रवासन के साथ खड़ा है। अब तक इस संबंध में नई दिल्ली ने दुनिया के कुल 26 से ज्यादा देशों के साथ 28 प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौतों (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनका मकसद इससे जुड़ी प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना है। कई अन्य देशों के साथ भी इस विषय को लेकर वार्ता जारी है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने 30 जून को राजधानी में आयोजित किए गए ह्यूमन मोबिलिटी पार्टनरशिप फोरम को संबोधित करते हुए दी है।



## साझा जिम्मेदारी निभाने से बनेगी बात

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि सभी देशों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वह अवैध प्रवासन, शोषण करने वाली पद्धतियों, झूठे बिचौलियों और मानव तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। यह वह तमाम चुनौतियां हैं, जिनकी वजह से वैध प्रवासन से जुड़े हुए वैश्विक इकोसिस्टम की विश्वसनीयता से समझौता होता है और दुनियाभर में संबंधित मामलों के पीड़ितों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। जिसमें भौगोलिक परिदृश्यों में तेजी से बदलाव आ रहा है, तकनीकी नवाचार उद्योगों को अप्रत्याशित रूप से पुनः आकार दे रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऑटोमेशन, डिजिटाइजेशन और ग्रीन ट्रांजिशन कौशल को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। जिनकी भावी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद आवश्यकता है। लेकिन इन सबके बीच बीते हुए कल की चुनौतियां जैसे स्वास्थ्य, विनिर्माण, निर्माण और कृषि जस की तस बरकरार हैं। इस कवायद के साथ-साथ आज समाज तेजी से एक-दूसरे के साथ जुड़ रहे हैं। जिनका यह संपर्क भावी भविष्य की समृद्धि से जुड़ा हुआ है।

## रोजगार का माध्यम नहीं समझौते

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि एमएमपीए जैसे समझौते केवल विदेशों में अपने देश के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं। बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक मजबूत स्तंभ है। भारत का उद्देश्य अपने कुशल कार्यबल को जापान, जर्मनी और इटली जैसे देशों की बढ़ती हुई आर्थिक जरूरतों के साथ जोड़ना है। कामगारों के लिए सुरक्षित और कानूनी प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल टूल्स (ई-माइग्रेट पोर्टल) का उपयोग किया जा रहा है। जिसके जरिए अब तक 50 लाख से अधिक आव्रजन मंजूरी प्रदान की जा चुकी हैं। जयशंकर के मुताबिक, अवैध प्रवास और मानव तस्करी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, कानूनी प्रणालियों के लिए खतरा हैं।

---

## नासा सैटेलाइट इमेज में दिखा वेनेजुएला में तबाही का खौफनाक मंजर

### 58 हजार से ज्यादा घर जमींदोज



एजेंसी ⏭ काराकास

वेनेजुएला में पिछले हफ्ते आए दो भीषण भूकंपों ने भयंकर तबाही मचाई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) के सैटेलाइट रडार डेटा पर आधारित एक शुरुआती आकलन के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में देश की 58,870 इमारतें या तो पूरी तरह जमींदोज हो चुकी हैं या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है। ओरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह डेटा भूकंप के ठीक अगले दिन यानी 25 जून को जुटाया गया था। रिक्टर स्केल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले इस दोहरे भूकंप को पिछले 100 से अधिक सालों में देश का सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है। इस विनाशकारी आपदा में अब तक लगभग 1,700 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज के अनुसार, अब तक 855 इमारतों के क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें से 189 इमारतें पूरी तरह ढह चुकी हैं।

---

### ऑपरेशन सिंदूर और नई सैन्य रणनीति का जिक्र किया

# जनरल द्विवेदी ने कहा- हर साल 1100 बार चीन से होता है सामना

### बात के बाद भी संवेदनशील हैं हालात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सुरक्षा स्थिति और सेना की भविष्य की रणनीतियों को लेकर कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि सीमा पर किसी भी गलतफहमी से बचने और शांति बनाए रखने के लिए भारत और चीन की सेनाओं के बीच हर साल जमीनी स्तर पर 1100 से अधिक बार बातचीत होती है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि



साल 2024-25 के दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर कई सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने पर बनी सहमति इसके प्रमुख उदाहरण हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि एलएसी पर स्थिति भले ही स्थिर है, लेकिन यह अभी भी बेहद संवेदनशील बनी हुई है, जिसके लिए भारतीय सेना लगातार सतर्क और तैयार है। किसी भी स्थानीय विवाद को सुलझाने के लिए हॉटलाइन, फ्लैग मीटिंग और कमांडर स्तर की वार्ताओं का सहारा लिया जाता है। अपनी रणनीतिक चर्चा में जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की हाल के वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने साबित कर दिया है कि भविष्य के युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों के भरोसे नहीं।

---

### मंगलवार को वडोदरा में आयोजित किए गए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री

# अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो राष्ट्र, यही है आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आत्मनिर्भरता के संबंध में एक जरूरी टिप्पणी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि इसके मायने किसी भी रूप में अलग-थलग पड़ जाना नहीं है। बल्कि इसका अर्थ एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो और पूरी दुनिया के साथ एक समान भागीदार के रूप में जुड़े।

यह जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में आयोजित किए गए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय



सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है। उनके इस बयान को रक्षा मंत्रालय ने मीडिया से साझा किया है।

### उद्योगों की बढ़नी चाहिए भागीदारी

उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत की यात्रा में क्षेत्रीय उद्योगों को भागीदार बनना चाहिए। जिसका उद्देश्य महज आर्थिक विकास का लक्ष्य नहीं बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध, प्रौद्योगिकी की दृष्टि से सक्षम और सामाजिक रूप से मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है। क्षेत्रीय शक्तियों को राष्ट्रीय क्षमताओं में स्थानीय नवाचारों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में और औद्योगिक विकास को रणनीतिक शक्ति में बदलना होगा।

### इन सिद्धांतों पर टिके हैं महान राष्ट्र

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारत की आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमता और सामूहिक संकल्प ही आगामी दशकों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी भूमिका निर्धारित करेंगे। राजनाथ के मुताबिक, इतिहास हमें सिखाता है कि महान राष्ट्र तीन मूलभूत स्तंभों पर टिके होते हैं। आर्थिक शक्ति, प्रौद्योगिकी संबंधी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुरक्षा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि और प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। आर्थिक समृद्धि, प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। जबकि एक सुरक्षित राष्ट्र स्थिरता प्रदान करता है। जिससे उद्योग और नवाचार फलफूल सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षित सीमाओं व मजबूत अर्थव्यवस्था वाले भारत के निर्माण के लिए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता का बल दिया। राजनाथ ने कहा कि गुजरात आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभा सकता है। क्योंकि राज्य में एक मजबूत औद्योगिक आधार, कुशल कार्यबल और उद्यमशीलता की भावना मौजूद है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109